# जनहितैषी

हिन्दी दैनिक

R.N.I. No. 63177/95 वर्ष:27 अंक: 52 दिनांक: 03-02-2022 गुरूवार मूल्य : 100 पैसा पृष्ठ:4 अहमदाबाद M




कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर बहस के दौरान संसद में कहा कि अब दो अलग-अलग भारत हैं, एक अमीरों के लिए और दूसरा गरीबों के लिए। उन्होंने कहा, ठदोनों के बीच की खाई चौड़ी हो रही है।




आगरा के कोठी मीना बाजार में जनसभा को कर रही हैं बसपा सुप्रीमों संबोधित। मायावती के आने के उत्साह में मानक से अधिक पहुंची समर्थकों की भीड़। बहन जी- बहनजी के नारे के साथ किया भीड़ ने स्वागत।

## पिछले साल 3 करोड़ युवाओं ने रोजगार खो दिए, 50 साल में सबसे ज्यादा बेरोजगारी आज - राहुल गांधी

नई दिल्ली (ईएमएस)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि पिछले साल 3 करोड़ युवाओं ने रोजगार खो दिए, 50 साल में सबसे ज्यादा बेरोजगारी आज है। राहुल गांधी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर बहस के दौरान संसद में कहा कि अब दो अलग-अलग भारत हैं, एक अमीरों के लिए और दूसरा गरीबों के लिए।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर बहस के दौरान संसद में कहा कि अब दो अलग-अलग भारत हैं, एक अमीरों के लिए और दूसरा गरीबों के लिए। उन्होंने कहा, ठदोनों के बीच की खाई चौड़ी हो रही है।ठ उन्होंने कहा, ठराष्ट्रपति के अभिभाषण में किस बारे में नहीं बताया गया? मुझे लगता है कि तीन मूलभूत चीजें हैं: पहला यह विचार है कि दो भारत हैं, एक भारत नहीं। एक बहुत धनी लोगों के लिए है, जिनके पास अपार दौलत है और जिन्हें नौकरी की आवश्यकता नहीं है। दूसरा है गरीबों के लिए ।ठ

राहुल गांधी ने लोकसभा में कहा, ठआप मेड इन इंडिया, मेड इन इंडिया के बारे में बात करते हैं। मेड इन इंडिया अब संभव नहीं है। आपने 'मेड इन इंडिया' को बर्बाद कर दिया है। आपको छोटे और मझोले उद्योगों का समर्थन करने की जरूरत है, वरना 'मेड इन इंडिया' संभव नहीं है। छोटे एवं मझोले उद्योग ही रोजगार पैदा कर सकते हैं।ठ उन्होंने कहा, ठआप मेड इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया इत्यादि के बारे में बात कर रहे हैं और सिर्फ बेरोजगारी बढ़ रही है।ठ

उन्होंने कहा कि आप ये मत सोचो कि जिस गरीब हिन्दुस्तान को आप बना रहे हो ये चुप बैठा रहेगा, ये चुप नहीं बैठा रहेगा। इस हिन्दुस्तान को दिख रहा है कि आज हिन्दुस्तान के 100 सबसे अमीर लोगों के पास हिन्दुस्तान के 55 करोड़ लोगों से ज़्यादा जायदाद है, ये नरेंद्र मोदी जी ने किया है।

लोकसभा में कांग्रेस नेता ने कहा, ठहिन्दुस्तान के 84 प्रतिशत लोगों की आमदनी घटी है और वो तेजी से गरीबी की ओर बढ़ रहे हैं। 27 करोड़ लोगों को हमने गरीबी से निकाला था और 23 करोड़ लोगों को आपने गरीबी में वापस डाल दिया।ठ

राहुल गांधी ने कहा, ठन्यायपालिका, चुनाव आयोग और पेगासस लोगों की आवाज को नष्ट करने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले उपकरण हैं।ठ

गांधी ने कहा,ठमैं आपातकाल पर भी बोलूंगा। मैं इसके बारे में बात करने से नहीं डरता। राजा का विचार वापस आ गया है, जिसे कांग्रेस ने 1947 में खत्म कर दिया था। अब एक शहंशाह है। अब हमारे राज्य और लोगों के बीच बातचीत के साधनों पर एक विचार से हमला किया जा रहा है। इसलिए, उदाहरण के लिए, आज तमिलनाडु के विचार को भारतीय संस्था से बाहर रखा गया है। आप कह रहे हैं कि बाहर निकलो यहां से। उनके पास आवाज नहीं है। पंजाब के किसान खड़े हो सकते हैं, लेकिन उनके पास आवाज नहीं है। विरोध प्रदर्शन के दौरान कोरोनोवायरस महामारी के चलते लोगों की जान चली गई, लेकिन राजा ने नहीं सुना।ठ

## सरकार ने गूगल, ट्विटर और फेसबुक से फर्जी खबरों पर रोक लगाने का कहा

नई दिल्ली (ईएमएस)। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अधिकारियों और सोशल मीडिया कंपनी गूगल, ट्विटर और फेसबुक के बीच कंटेंट मॉडरेशन और फर्जी खबरों पर रोक लगाने को लेकर आज बैठक हुई। सरकार ने बैठक में कड़े शब्दों में फर्जी खबरों पर रोक लगाने का कहा है।

अधिकारियों ने कहा कि जब अपने व्यावसायिक हितों की बात आती है तो दिग्गज टेक कंपनियां तत्काल कार्रवाई करती हैं, लेकिन जब भारत से जुड़े राष्ट्रविरोधी, भड़काऊ और फर्जी खबरों की बात आती है, तो वे सरकार पर छोड़ देते हैं कि सरकार ये मुद्दा उठाए। यह नकारात्मक है। जब सरकार इस बारे में कहती है, तो इससे अंतरराष्ट्रीय बिरादरी में यह संदेश जाता है कि सरकार कंपनियों पर दबाव डाल रही है। यह बैठक हाल ही में यूटयूब के कई चैनलों को बंद करने की कार्रवाई के बाद हुई है। इनमें से कई चैनलों को लेकर सरकार ने कहा था कि ये चैनल पाकिस्तान से चलाए जा रहे हैं और भारत-विरोधी प्रोपगेंडा फैला रहे थे।

## सीमावर्ती गांवों की किलेबंदी और रिवर-लिंक प्रोजेक्ट अहम घोषणाएं बजट में : पीएम मोदी

कई सीमावर्ती गांव टूरिस्ट स्पॉट बन सकते

नई दिल्ली (ईएमएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बजट की तारीफ कर कहा हैं, कि ये समय नई आकांक्षाओं को पूरा करने का है।आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था कार्यक्रम के द्वारा पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित कर पीएम मोदी ने बजट की खास बातों को अपने अंदाज में समझाया। उन्होंने पाकिस्तान और चीन के नापाक मंसूबों को नाकाम करने के लिए सीमावर्ती गांवों की किलेबंदी', रिवर-लिंक प्रोजेक्ट के फायदों सहित बजट की अहम बातों का जिक्र किया। साथ में उन्होंने कहा कि कोरोना के बाद की दुनिया पहले से बिल्कुल अगल होगी। नए वर्ल्ड ऑर्डर के संकेत मिलने लगे हैं।

उन्होंने बताया कि हिमालयी इलाकों के आखिरी गांवों को किले में बदला जाएगा। किलेबंदी के लिए बजट में विशेष प्रस्ताव किए गए हैं। पीएम मोदी ने बताया, 'राष्ट्र की सुरक्षा के लिए हमारी सारी सेनाएं और जवान दिन रात डटे रहते हैं। वे जान की बाजी लगा देते हैं। लेकिन यह भी सच्चाई है कि सीमावर्ती गांव भी किले का काम करते हैं। सीमावर्ती गांवों में देशभक्ति का जज्बा गजब होता है। अभावों को बीच भी इन छोटे गांवों को लोग सीमा की रक्षा के लिए सजग रहते हैं।पीएम मोदी ने कहा कि अब समय आ गया है, कि हमें देश की रक्षा के लिए सीमावर्ती नागरियों की क्षमता को पहचानना होगा। इसके लिए सीमावर्ती गांवों के लोगों को विकास की यात्रा में जोड़ा जाएगा। सालों से सीमावर्ती गांवों से पलायन होता रहा है, देश की सुरक्षा के लिए यह पहलू ठीक नहीं है। इस बात को समझते हुए सीमा पर मौजूद गांवों के विकास के बारे में नए सिरे से सोचा गया है। इसतरह गांवों में हर प्रकार की सुविधा हो, इसके लिए बजट में विशेष 'वायब्रेंट विलेज' प्रोग्राम की घोषणा की गई है।

पीएम मोदी ने कहा कि हमारे कई सीमावर्ती गांव टूरिस्ट स्पॉट बन सकते हैं। होम स्टे का नेटवर्क वहां खड़ा हो सकता है। प्रकृति प्रेमियों के लिए वह आकर्षक जगह है।गुजरात के सीएम रहते हुए कच्क्ष में मैंने रण उत्सव करके देखा है। लद्दाख, उत्तराखंड में यह बहुत मदद करेगा। सीमावर्ती गांवों में एनसीसी की गतिविधि भी चलाएंगे। इससे सीमा पर रहने वाले बच्चे एनसीसी में ट्रेंड होकर भविष्य में आसानी से सुरक्षा बलों में जा सकते है। इसके साथ ही राष्ट्र सुरक्षा से जुड़े एक और अभियान की घोषणा भी बजट में की गई है। पर्वतमाला योजना के तहत हिमालयी क्षेत्रों में आधुनिक बुनियादी ढांचा को बढ़ा जाएगा। आवाजाही आसान होगी। सेना को भी बहुत सुविधाजनक होगा। इसका बड़ा लाभ हिमाचल, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर, नॉर्थ ईस्ट में मिलेगा। पहाड़ों को लेकर सेना लेकर बहुत प्रतिभावान होते हैं।

बीजेपी कार्यकर्ताओं को संबोधित कर प्रधानमंत्री ने कहा,इनदिनों 100 साल में आई सबसे बड़ी वैश्विक महामारी से देश लड़ रहा है। कोरोना का ये कालखंड दुनिया के लिए अनेक चुनौतियां लेकर आया है। दुनिया उस चौराहे पर आकर खड़ी हो गई है, जहां टर्निंग प्वाइंट निश्चित है। आगे जो दुनिया जो हम देखने वाले हैं, वहां वैसी नहीं होगी, जैसी कोरोना से पहले थी।'

पीएम मोदी ने कहा, जैसे द्वितीय विश्व युद्ध के बाद पूरी दुनिया में बहुत बदलाव आया, पूरा वर्ल्ड ऑर्डर बदल गया। वैसे ही कोरोना के बाद दुनिया में बहुत बड़े बदलाव की संभावना है। नए वर्ल्ड ऑर्डर की संभावना है। इसके संकेत भी दिख रहे हैं। आज भारत की तरफ देखने के विश्व के द्वारा में बहुत बड़ा बदलाव आ रहा है। भारत जैसे विशाल देश को, लोकतांत्रिक देश को, विविधता वाले देश को दुनिया के लोग अधिक मजबूत रूप में देखना चाहते हैं।पीएम मोदी ने कहा, पूरा विश्व जब भारत के लिए नए सिरे से देख रहा है,तब हमारे लिए भी आवश्यक है कि हम हमारे देश को तेज गति से आगे बढ़ाएं। ये समय नए अवसरों का, नए संकल्पों की सिद्धि का समय है।बहुत जरूरी है, कि भारत आत्मनिर्भर बने और आत्मनिर्भर भारत की नींव पर एक आधुनिक भारत का निर्माण हो।'

नदियों को लिंक करने के अनेक प्रस्ताव बजट में है। खास तौर पर केन-बेतवा को लिंक करने के लिए जो हजारों कोरड़ा का प्रावधान है,इससे यूपी और एमपी को बुंदेलखंड क्षेत्र को... हम जिस झांसी की रानी का गर्व करते हैं ना, उसकी बात कर रहा हूं.. जिस खजुराओ की चर्चा हैं उस बुंदेलखंड की बात कर रहा हूं.. उसकी तस्वीर की बदल जाएगी। पानी के अभाव में वहां के किसान के नौजवान बेटे रोजी रोटी के लिए कभी गुजरात केरल तमिलनाडु तक जाते हैं। केन बेतवा से खेती में फायदा मिलेगा, जीवन भी बदलेगा। इस योजना पर लगभग 44 हजार करोड़ खर्च हो रहे है। आधुनिक युग का यह भगीरण काम है। बुदेलखंड के खेतों में और हरियाली आएगी। जवान बेटों को शहरों में झुग्गी झोपड़ी में रहने को मजबूर हैं, वह मां-बाप के साथ खुले आसमान के साथ नई जिंदगी आएगी।

## देश में कम हो रहा कोरोना का कहर, रिकवरी रेट लगातार बढ़ रही

नई दिल्ली (ईएमएस)देश में कोरोना के मामले लगातार घट रहे हैं।बीते 24 घंटे में 1.61 लाख नए मामले सामने आए हैं। दैनिक संक्रमित रेट 9.26 प्रतिशत के करीब है। इससे भी अधिक राहत देने वाली खबर रिकवरी रेट है। केंद्र द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, कल 2.81 लाख से अधिक मरीजों ने महामारी को मात दी है।केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, बीते 24 घंटे में 1,61,386 नए मामले सामने आए हैं। इस माहामारी से रिकवर होने वालों की संख्या 2,81,109 है।अभी तक देश में कुल 3,95,11,307 लोग स्वस्थ हो चुके हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देश में टीकाकरण और टेस्टिंग पर फोकस दिया जा रहा है। अब तक वैक्सीन की कुल 167.29 खुराक दी जा चुकी है। टेस्टिंग की बात करें तब कल 17,42,79 सैंपल की जांच हुई है। इसके साथ ही टेस्टिंग का आंकड़ा 73.2 करोड़ को पार हुआ है। दिल्ली में मंगलवार को कोरोना संक्रमण के 2,683 नए मामले सामने आए और संक्रमण की दर 5.09 प्रतिशत दर्ज की गई। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार, महामारी से 27 और मरीजों की मौत हो गई। बुलेटिन में कहा गया कि शहर में अब तक संक्रमण के 18,32,951 मामले सामने आ चुके हैं और कोविड से 25,892 मरीजों की मौत हो चुकी है।दिल्ली में सोमवार को संक्रमण के 2,779 मामले सामने आए थे, 38 मरीजों की मौत हुई थी और संक्रमण की दर 6.20 प्रतिशत दर्ज की गई थी।

मध्यप्रदेश में कोरोना के 6243 नए मामले सामने आए के साथ ही छह नए मरीजों की मृत्यु हो गई है। राज्य स्वास्थ्य संचालनालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश भर में कोरोना के 71 हजार 7 सौ 77 सेंपलों की जांच हुई, जिसमें 6243 नए संक्रमित पाए गए। इसके साथ ही बुरहानपुर में दो, बड़वानी, इंदौर, जबलपुर और विदिशा में एक-एक मरीज की मृत्यु हुई। इस प्रकार प्रदेश भर में छह नई मौतें दर्ज होने के बाद अब तक 10,624 लोगों की मृत्यु हो चुकी है। आंध्र प्रदेश में मंगलवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 6,213 नए मामले सामने आए।स्वास्थ्य बुलेटिन में कहा गया कि संक्रमण की दर 18 प्रतिशत है। बुलेटिन के अनुसार राज्य में अभी कोविड के 1,05,930 मरीज उपचाराधीन हैं। सोमवार को आंध्र प्रदेश में संक्रमण के 5,879 मामले सामने आए थे। बुलेटिन के मुताबिक, राज्य में अब तक संक्रमण के 22,82,583 मामले सामने आ चुके हैं, 21,62,033 लोग कोविड से पीड़ित होने के बाद ठीक हो चुके हैं। बुलेटिन के अनुसार, पिछले 24 घंटे में चित्तूर, गुंटूर, एसपीएस नेल्लोर, प्रकाशम और विशाखापत्तनम में एक-एक मरीज की मौत दर्ज की गई। इसके साथ ही राज्य में महामारी से अब तक 14,620 मरीजों की जान जा चुकी है।

## राफेल के समुद्री संस्करण का गोवा में सफल उड़ान परीक्षण किया गया

नई दिल्ली (ईएमएस)। आईएनएस विक्रांत के लिए फ्रांस निर्मित लड़ाकू विमान राफेल के समुद्री संस्करण का गोवा में सफल उड़ान परीक्षण किया गया है। इसके लिए परिस्थितियां ठीक वैसी ही बनाई गई थीं जैसी स्वदेश विकसित विमान वाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर होती हैं। एक शीर्ष राजनयिक ने यह जानकारी दी। राफेल-एम की प्रतिस्पर्धा अमेरिका निर्मित सुपर हॉर्नेट से है। भारतीय नौसेना द्वारा 44 हजार टन के आईएनएस विक्रांत पर तैनाती के लिए संभावित खरीद के लिए इन दोनों का मूल्यांकन किया जा रहा है। आईएनएस विक्रांत का अरब सागर और बंगाल की खाड़ी में परीक्षण चल रहा है और यह अगस्त से सेवा में आ सकता है।

भारत में फ्रांस के राजदूत एमैनुअल लेनै ने मंगलवार शाम को यहां कहा, ''राफेल मरीन की आपके विमान वाहक पोत से उड़ान भरने की क्षमता देखने के लिए परीक्षण किए गए और ये अच्छे रहे।ठ भारत के नये विमान वाहक पोत को 'स्की-जंप' लांच शिप की तरह डिजाइन किया गया है जिससे कोई विमान इसकी गति की मदद से उड़ान भर सकता है और यह अन्य विमान वाहक पोतों से अलग है जो विमान के उड़ान भरने के लिए कैटापुल्ट लांच नामक उपकरण या तकनीक का इस्तेमाल करते हैं।

लेनैं ने कहा कि राफेल-एम विमान का पिछले महीने 12 दिन तक गोवा के आईएनएस हंसा केंद्र से परीक्षण किया गया और इसके लिए 283 मीटर की कृत्रिम स्की-जंप सुविधा का इस्तेमाल किया गया। बोइंग के सुपर हॉर्नेट या एफ/ए-18 विमानों को भी भारत को बेचने के लिए पेशकश की जा रही है और अगले महीने इनका भी आईएनएस हंसा पर इस तरह का परीक्षण हो सकता है। रक्षा सूत्रों ने बताया कि आपूर्तिकर्ताओं ने राफेल-एम और सुपर हॉर्नेट दोनों में बदलाव किये हैं ताकि उन्हें भारत के ऑर्डर के लिहाज से बनाया जा सके।

## आपराधिक कानूनों में व्यापक संशोधन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी : सरकार

नई दिल्ली (ईएमएस)। मोदी सरकार ने राज्यसभा को बताया कि आपराधिक कानूनों में व्यापक संशोधन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय कुमार मिश्रा ने राज्यसभा को प्रश्न के लिखित उत्तर में इसकी जानकारी देकर बताया कि सभी पक्षों के साथ गहन विचार-विमर्श करने के बाद भारतीय दंड संहिता 1860, आपराधिक प्रक्रिया संहिता 1973 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 में संशोधन की प्रक्रिया शुरू की गई है।मंत्री ने कहा आपराधिक कानूनों में संशोधन एक सतत प्रक्रिया है, ताकि इन कानूनों को समकालीन जरूरतों और लोगों की आकांक्षाओं के अनुरूप बनाया जा सके। उन्होंने बताया कि गृह मामलों की स्थायी संसदीय समिति ने अपनी 111वीं, 128वीं और 146वीं रिपोर्ट में, देश के आपराधिक कानूनों की समीक्षा की जरूरत रेखांकित की थी। उन्होंने बताया कि इन कानूनों से संबंधित विधेयक जटिल है और विभिन्न पक्षों से मिली राय भी अलग-अलग है।अतः यह एक व्यापक प्रक्रिया है जिसके लिए समय-सीमा तय नहीं की जा सकती।''

## आगरा की रैली में मायावती ने एसपी और बीजेपी पर साधा निशाना

आगरा (ईएमएस)। उत्तर प्रदेश चुनाव में बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने अपने प्रचार अभियान की शुरुआत की और विरोधियों पर जमकर निशाना साधा। आगरा की रैली में उन्होंने एक साथ सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी पर हमला बोला। इस दौरान मायावती कांग्रेस पार्टी पर भी जमकर बरसीं। मायावती ने बीजेपी को निशाने पर लेते हुए कहा कि बेरोज़गारी और महंगाई से जनता परेशान है। इसके साथ ही उन्होंने बीजेपी पर पक्षपाती रवैया अपनाने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि बीजेपी जातिवादी और पूंजीवादी पार्टी है। उन्होंने कहा कि धर्म के नाम पर तनाव बना रहता है। पुलिस हिरासत में दलितों को मार दिया जाता है। उन्होंने ये भी कहा कि अपर कास्ट के लोग भी बीजेपी में ठगे गए हैं। रैली के दौरान महंगे पेट्रोल डीज़ल का ज़िक्र करते हुए उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले पेट्रोल-डीज़ल की कीमत (बढ़ने से) रोक दी गई हैं। उन्होंने कहा कि बीजेपी के अहंकारी और दमनकारी राज से बचाना है और आप, सपा, बीजेपी और कांग्रेसी से बचना है। रैली के दौरान मायावती ने कहा कि सपा की सरकार में गुंडों और लूट खसोट करने वालों का राज होता है। इस दौरान उन्होंने अखिलेश यादव की सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि एसपी ने दलितों से दुर्व्यवहार किया। उन्होंने कहा कि मुज़फ़्फ़रनगर दंगा उनके समय में ही हुआ था। सपा की सरकार में दलित और अति पिछड़ों को कुछ नहीं मिला और प्रमोशन में आरक्षण बिल को समाजवादी पार्टी ने फाड़ दिया था। मायावती ने रैली में कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा, ठअपनी गलत नीतियों के कारण कांग्रेस सिर्फ केंद्र की सत्ता से ही बेदखल नहीं हुई बल्कि यूपी से भी बहुत पहले बाहर हो गई है। वो लोग दलितों और पिछड़ों के खिलाफ हैं। जब वो सरकार में थे, तब उन्होंने डॉ भीमराव अंबेडकर को भारत रत्न नहीं दिया, वो तब जब कि वो इसके लायक थे।ठ उन्होंने कहा कि कांशीराम के देहांत पर उनके सम्मान में कांग्रेस ने एक दिन का भी राष्ट्रीय शोक घोषित नहीं किया था। मायावती ने कहा कि हम दूसरी पार्टियों की तरह लोक लुभावन घोषणा पत्र नहीं लाते हैं। पिछली बार हमारे कुछ नेताओं ने टिकट देने में गड़बड़ियां की थीं, वे सब अब दूसरी पार्टियों में चले गए हैं। इस दौरान उन्होने ओपिनियन पोल का भी ज़िक्र किया और कहा कि आप ओपिनियन पोल और सर्वे के चक्कर में मत पड़िएगा। 2007 में हमें तीसरे नंबर पर बताया गया था। रिज़ल्ट आया तो हम नंबर वन थे। आप सब जब तक वोट नहीं डाल लेते हैं तब तक उपवास पर रहिएगा। सवेरे उठते ही सबसे पहले वोट डालना है।

## सीतारमण के बयान पर बवाल, प्रियंका ने कहा यूपी वालों को 'यूपी टाइप' होने पर गर्व

नई दिल्ली (ईएमएस)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के एक बयान को लेकर सियासी घमासान शुरू हो गया है। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 'यूपी टाइप' शब्द का इस्तेमान किया, जिसके बाद विपक्ष ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को आड़े हाथ लिया है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने यूपी टाइप शब्द का इस्तेमाल करने पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पर निशाना साधा है। उन्होंने ट्वीट किया- आपने यूपी के लिए बजट के झोले में कुछ डाला नहीं, ठीक है, लेकिन यूपी के लोगों का इस तरह अपमान करने की क्या ज़रूरत थी?

अंग्रेजी में अपने मतलब समझा रहीं निर्मला सीतारमण के मुंह से यूपी टाइप क्या निकला, कांग्रेस ने इसे बड़ा मुद्दा बना दिया। इस पर कांग्रेस के कांग्रेस के सचिन पायलट सहित कई नेताओं ने बारी-बारी से वित्त मंत्री पर निशाना साधा। प्रियंका गांधी ने तीखे अंदाज में कहा आपने उत्तर प्रदेश के लिए बजट में कुछ नहीं रखा। लेकिन यूपी के लोगों का इस तरह अपमान करने की क्या ज़रूरत थी? यूपी के लोगों को ठयूपी टाइपठ होने पर गर्व है। हमें भाषा, बोली, संस्कृति और यूपी के इतिहास पर गर्व है । इसके अतिरिक्त, उत्तर प्रदेश कांग्रेस ने ट्वीट किया हम यूपी के लोगों को 'यूपी टाइप' होने पर गर्व हैठ हैशटैग 'यूपी मेरा अभिमान' के साथ उन्होंने इसे पोस्ट किया।

## अभिनेता सुनील ग्रोवर अस्पताल में भर्ती, हुई हार्ट सर्जरी

मुंबई (ईएमएस)। कपिल शर्मा के कॉमिडी शो में डॉ.मशहूर गुलाटी से लेकर गुत्थी तक कई किरदार निभाने वाले अभिनेता सुनील ग्रोवर को हाल ही मुंबई के अस्पताल में भर्ती कराया गया। सुनील ग्रोवर की हार्ट सर्जरी हुई है। हालांकि अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि सुनील ग्रोवर को क्या दिक्कत हुई, जिसके कारण हार्ट सर्जरी करनी पड़ी। सुनील ग्रोवर की जैसे ही अस्पताल में भर्ती होने और हार्ट सर्जरी की खबर आई,तब फैंस उनके जल्दी ठीक होने और घर वापसी की दुआएं करने लगे।

## मोदी सरकार का अंचल संपत्ति की बिक्री पर टीडीएस के प्रावधानों में बदलाव का प्रस्ताव

नई दिल्ली (ईएमएस)।मोदी सरकार ने अचल संपत्ति की बिक्री पर टीडीएस (स्त्रोत पर कर कटौती) के प्रावधानों में बदलाव का प्रस्ताव किया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट पेश कर आयकर अधिनियम में बदलाव का प्रस्ताव किया है,इसके तहत 50 लाख रुपये से अधिक मूल्य की गैर-कृषि अचल संपत्ति को बेचने पर बिक्री मूल्य या स्टाम्प शुल्क में से जो भी अधिक हो, उसपर एक प्रतिशत टीडीएस लागू होगा। अभी यह कटौती सिर्फ अंचल संपत्ति के मूल्य के आधार पर की जाती है और इसमें स्टाम्प शुल्क पर गौर नहीं होता था। सीतारमण ने कानून में इस विसंगति को दूर करने के लिए संशोधन का प्रस्ताव पेश करते हुए इसमें स्टाम्प शुल्क को जोड़ा है।

संसद में पेश वित्त विधेयक-2022 एवं उससे संबंधित दस्तावेजों के अनुसार, मोदी सरकार ने आयकर अधिनियम की धारा 194-1ए में संशोधन का प्रस्ताव किया, ताकि कानून की धारा 43सी ए और 50 सी के संबंध में विसंगतियों को दूर कर सके। दस्तावेज के अनुसार, यह संशोधन मंजूर होने पर एक अप्रैल, 2022 से प्रभावी होगा। संशोधन के कारण को स्पष्ट करते हुए वित्त विधेयक में कहा गया है कि अधिनियम की धारा 194-1ए कृषि भूमि के अलावा कुछ अंचल संपत्तियों के हस्तांतरण के लिए भुगतान पर कर कटौती का प्रावधान करती है। इसमें उपधारा (1) किसी निवासी को अंचल संपत्ति (कृषि भूमि के अलावा) के हस्तांतरण के लिए किसी भी राशि का भुगतान करने वाले व्यक्ति को भुगतान के समय कर कटौती का प्रावधान करती है जो एक प्रतिशत की दर से होता है।

वहीं, उपधारा (2) में प्रावधान है, कि किसी अचल संपत्ति का मूल्य 50 लाख रुपये से कम है,तब कर की कोई कटौती नहीं की जानी चाहिए। दस्तावेज में कहा गया है कि प्रावधानों के अनुसार, हस्तांतरी द्वारा हस्तांतरणकर्ता को भुगतान की गई राशि पर टीडीएस काटा जाता है। यह धारा अचल संपत्ति से संबंधित स्टाम्प शुल्क मूल्य को ध्यान में नहीं रखती है, जबकि अधिनियम की धारा 43सी ए और 50सी के प्रावधानों के अनुसार, 'व्यापार या पेशे से लाभ और पूंजीगत लाभ' मद के तहत आय की गणना के लिए स्टाम्प शुल्क मूल्य पर भी विचार किया जाता है।ठ इसमें कहा गया है कि अधिनियम की धारा 194-1ए और धारा 43सी ए और 50 सी के प्रावधानों में विसंगति है।

दस्तावेज के अनुसार, इस विसंगति को दूर करने के लिए, अधिनियम की धारा 194-1 ए में संशोधन करने का प्रस्ताव है जिसके तहत अचल संपत्ति (कृषि भूमि के अलावा) के हस्तांतरण के मामले में, टीडीएस की कटौती एक प्रतिशत की दर से की जानी है। यह बिक्री मूल्य या स्टाम्प शुल्क मूल्य में से जो भी अधिक हो... उस पर लागू होगा।

## भगौड़े कारोबारी पैसे लौटते हैं, तब उन्हें वापस आने और कानूनी कार्रवाई पर रोक लगे

नई दिल्ली (ईएमएस)। अगर भगौड़े कारोबारी पैसे का भुगतान करने के लिए तैयार हैं, तब क्यों न उन्हें भारत लौटने देने और उनके खिलाफ चल रही कानूनी कार्यवाहियों को रोकने पर विचार करे। यह सलाह सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को दी है। जस्टिस संजय किशन कौल और एमएम सुंदरेश की पीठ ने कहा कि कानूनी कार्यवाही में कई वर्ष लगाने वाले हैं, और एजेंसियां भगौड़े कारोबारी को वापस लाने के अपने प्रयास में सफल हो भी सकती हैं और नहीं भी। इसमें अगर भगौड़े कारोबारी पैसे लौटाने पर सहमत हैं,तब सरकार उन्हें सुरक्षा प्रदान करने पर विचार कर सकती है। इस पर भी विचार हो सकता है कि देश वापसी पर उनकी गिरफ्तारी न हो।

यह सुझाव हेमंत एस हाथी की याचिका पर सुनवाई के दौरान आया, जो स्टर्लिंग समूह के प्रमोटरों के साथ बैंक ऋण के माध्यम से कथित तौर पर 14,500 करोड़ रुपये की हेराफेरी करने के आरोप में वांछित है। सभी आरोपी भारत से भाग गए हैं और विदेश में रह रहे हैं।उनके अलावा भगौड़े कारोबारियों में नीरव मोदी और विजय माल्या जैसे कुछ और लोग भी हैं, जो हजारों करोड़ का घोटाला या हेराफेरी करके कानून के शिकंजे से बचने के लिए भारत से भागकर विदेश में रह रहे हैं। सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय जैसी भारतीय एजेंसियां उन्हें वापस लाने की कोशिश कर रही हैं, लेकिन उन्हें अब तक सफलता नहीं मिली है।

हाथी ने पैसे वापस करने की इच्छा व्यक्त की, लेकिन वापस आने पर एजेंसी द्वारा मुकदमा चलाने और परेशान करने पर सुरक्षा की मांग की। उन्होंने कहा कि उनकी कुल बकाया राशि 1,500 करोड़ रुपये से कुछ अधिक है, जिसमें से 600 करोड़ रुपये बैंकों को चुका दिए गए हैं, 900 करोड़ रुपये की बकाया राशि वापस करने का आश्वासन दिया है। पीठ ने यह भी समर्थन किया कि राशि सरकार द्वारा स्वीकार की जाए। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने कहा, आप दुनिया भर में कई लोगों का पीछा कर रहे हैं लेकिन आप कुछ भी हासिल नहीं कर सकते हैं। यहां वह पैसे वापस करने की पेशकश कर रहा है।इसकारण कुछ आपराधिक कार्यवाहियों पर रोक लगाई जा सकती है और उन्हें वापस आने की अनुमति दी जा सकती है।सीबीआई की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि अगर वह लौटते हैं,तब गिरफ्तारी नहीं करने वाले है। हालांकि उन्होंने हाथी के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही को समाप्त करने और ट्रायल कोर्ट में चल रहे मामले को आगे न बढ़ाने को लेकर आपत्ति व्यक्त की।

सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि केंद्र सरकार को चाहिए अगर भगौड़ा आर्थिक अपराधी वापस आता है और पैसे वापस करता है,तब उसे तीन मोर्चों पर राहत देने पर विचार किया जाए। उसके खिलाफ लंबित आपराधिक कार्यवाही रद्द की जानी चाहिए; उसे अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए देश भर में यात्रा करने की अनुमति दी जानी चाहिए; और आपराधिक मामले में उसके खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जानी चाहिए।

## डिजिटल मुद्रा को नकदी में तब्दील किया जा सकता है: प्रधानमंत्री

नई दिल्ली (ईएमएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि बजट में प्रस्तावित डिजिटल मुद्रा को नकदी में तब्दील किया जा सकता है, और यह फिनटेक क्षेत्र में अवसरों के नए द्वार खोलगा। भाजपा पार्टी द्वारा आयोजित ''आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था कार्यक्रम को संबोधित कर प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्रीय बैंक की डिजिटल करेंसी (सीबीडीसी) या डिजिटल मुद्रा ऑनलाइन लेनदेन को और सुरक्षित बनाएगा तथा इसमें किसी प्रकार का कोई खतरा नहीं होगा। उन्होंने कहा कि इससे आने वाले समय में डिजिटल अर्थव्यवस्था को ताकत मिलेगी। उन्होंने कहा, ये डिजिटल रुपया अभी जो हमारी फिजिकल करेंसी (भौतिक मुद्रा) है, उसका ही डिजिटल स्वरूप होगा और इस रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया द्वारा नियंत्रित किया जाएगा।इस फिजिकल करेंसी से एक्सचेंज (विनिमय) किया जा सकेगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि डिजिटल मुद्रा फिनटेक क्षेत्र में नए अवसरों का सृजन कर और कैश के प्रबंधन, छपाई, परिवहन संबंधी परिवहन के बोझ को कमकर क्रांतिकारी परिवर्तन लाएगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश बजट के मुताबिक 'डिजिटल रुपया' नामक यह मुद्रा, रिजर्व बैंक द्वारा डिजिटल रूप में जारी होगी और इस भौतिक मुद्रा के साथ बदला जा सकेगा। इस केंद्रीय बैंक की डिजिटल करेंसी (सीबीडीसी) को नियंत्रित करने वाले विनियमन को अंतिम रूप दिया जाना बाकी है। सीबीडीसी एक डिजिटल या आभासी मुद्रा है, लेकिन इसकी तुलना निजी आभासी मुद्राओं या क्रिप्टो करेंसी से नहीं की जा सकती है,जिनका चलन पिछले एक दशक में तेजी से बढ़ा है। निजी डिजिटल मुद्राएं किसी भी व्यक्ति की देनदारियों का प्रतिनिधित्व नहीं करती हैं, क्योंकि उनका कोई जारीकर्ता नहीं है। वे निश्चित रूप से मुद्रा नहीं हैं।

## पति को पार्टी का टिकट नहीं मिलने पर प्रियंका गांधी वाड्रा पर बरसीं अदिति सिंह

नई दिल्ली (ईएमएस)। कांग्रेस की पूर्व विधायक अदिति सिंह ने कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा वाड्रा पर शोषण का आरोप लगाया है। रायबरेली की पूर्व विधायक अदिति सिंह ने भाजपा का दामन थाम लिया है और इस महीने होने वाले उत्तर प्रदेश चुनावों के लिए पार्टी की उम्मीदवार हैं। उनके पति अंगद सिंह सैनी, जो पंजाब के नवांशहर विधानसभा के वर्तमान कांग्रेस विधायक हैं, उन्हें पार्टी ने टिकट नहीं दिया है जिसके चलते उन्होंने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन दाखिल किया है।

सिंह ने कहा, ठएक तरफ, प्रियंका लड़की हूं लड़ सकती हूं के नारे का इस्तेमाल करती हैं। कहती हैं मैं अकेली महिला लड़ रही हूं। दूसरी तरफ वो मेरे पति पर दबाव डालती हैं कि अगर टिकट चाहते हैं तो मेरे खिलाफ बोलें।ठ उन्होंने प्रियंका पर राजनीति में पाखंडी होने का आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया, ठअगर वह महिलाओं का समर्थन करती हैं तो उन्होंने इस वजह से मेरे पति को टिकट देने से इनकार क्यों किया? वह लगातार मुझे परेशान करने की कोशिश करती हैं।

### कार्टून कोना



## जन हितैषी

### टैक्स में नाउम्मीदी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को केंद्रीय बजट 2022-23 पेश किया। करदाताओं को दो साल में अपने रिटर्न को अपडेट करने की अनुमति दी है। राज्य सरकार के कर्मचारियों को नेशनल पेंशन स्कीम में योगदान पर 14 फीसदी टैक्स छूट देने का फैसला किया है। आम बजट में न तो आयकर स्लैब्स बदली गई है और न ही कोई बड़ी छूट दी गई है। व्यक्तिगत करदाताओं के लिए बुनियादी छूट की सीमा में आखिरी बार बदलाव 2014 में हुआ था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार का पहला बजट पेश करते हुए तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली ने करमुक्त आय की सीमा को 2 लाख से बढ़ाकर 2.5 लाख रुपये किया था। वरिष्ठ नागरिकों के लिए करमुक्त आय की सीमा को बढ़ाकर 2.5 लाख से 3 लाख रुपए किया गया था। तब से करमुक्त आय की सीमा नहीं बढ़ी है। वित्त मंत्री सीतारमण ने 2020 में टैक्स जमा करने का नया विकल्प दिया था। इसमें उन लोगों के लिए टैक्स रेट्स को घटाया गया था, जो टैक्स में मिलने वाली छूट और राहत का लाभ नहीं उठाना चाहते। यह एक तरह से आयकर का सरलीकरण था। कमाई के हिसाब से टैक्स तय किया गया था। इसमें निवेश एवं अन्य आवश्यक खर्चों के तहत टैक्स में मिलने वाली छूट खत्म कर दी गई थी। इससे करदाताओं को दो विकल्प मिल गए। वे पुरानी व्यवस्था में रहकर छूट प्राप्त कर सकते हैं या नई व्यवस्था में बिना छूट के कर का भुगतान कर सकते हैं। दोनों ही विकल्पों में 2.5 लाख रुपए तक की आय करमुक्त है। 2.5 लाख से 5 लाख रुपए तक की आय पर 5 प्रतिशत कर लगता है। हालांकि, आयकर अधिनियम की 87ए के तहत 12,500 रुपए तक की छूट दी गई है। इसका मतलब है कि दोनों ही विकल्पों में 5 लाख रुपए तक की आय पर कोई कर नहीं चुकाना पड़ता। नए विकल्प में 5 से 7.5 लाख रुपए पर 10 फीसदी और 7.5 लाख से 10 लाख रुपए की आय पर 15 फीसदी टैक्स है, जबकि पुराने विकल्प में 5 से 10 लाख रुपए की आय पर 20 फीसदी टैक्स लगता है। पुराने विकल्प में 10 लाख रुपए से अधिक की आय पर 30 फीसदी टैक्स लगता है। नई व्यवस्था में 10 से 12.5 लाख रुपए की आय पर 20 फीसदी और 12.5 लाख से 15 लाख रुपए पर 25 फीसदी टैक्स है। 15 लाख रुपए से अधिक की आय पर 30 फीसदी टैक्स लगता है। सेस और सरचार्ज की वजह से प्रभावी टैक्स रेट बढ़ जाता है। बजट में जो बड़ी घोषणा की गई है, वह दो साल में रिटर्न को अपडेट करने की अनुमति है। अगर किसी करदाता ने अपनी सालाना आय की घोषणा में कोई गलती की है तो वह इसे दो साल में सुधार सकता है। इसके लिए उसे अपना रिटर्न अपडेट करना होगा। इससे मुकदमेबाजी कम होगी। रिटर्न अपडेट करते हुए उन्हें आवश्यक कर का भुगतान करना होगा। केंद्र सरकार के कर्मचारियों को नेशनल पेंशन स्कीम में योगदान पर 14 फीसदी तक की टैक्स राहत मिलती है, जबकि राज्य सरकार के कर्मचारियों को 10 प्रतिशत। इसमें बदलाव करते हुए राज्य सरकार के कर्मचारियों को भी 14 फीसदी टैक्स राहत देने का फैसला किया है। इससे राज्य सरकार के कर्मचारियों को भी केंद्र सरकार के कर्मचारियों की तरह एनपीएस में योगदान पर टैक्स छूट मिलेगी। लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन्स पर 15 फीसदी सरचार्ज लगाया जाएगा। इस समय यह सिर्फ लिस्टेड शेयर और म्यूचुअल फंड्स की यूनिट्स पर लगता था। अब यह सभी संपत्तियों पर लगेगा।

## मालदीव: भारत भगाओ अभियान ?

हम भारतीयों को यह जानकर बहुत आश्चर्य होगा कि हमारे पड़ौसी देश मालदीव में आजकल एक जबर्दस्त अभियान चल रहा है, जिसका नाम है- 'भारत भगाओ अभियान'! भारत-विरोधी अभियान कभी-कभी नेपाल और श्रीलंका में भी चलते रहे हैं लेकिन इस तरह के जहरीले अभियान की बात किसी पड़ौसी देश में पहली बार सुनने में आई है। इसका कारण क्या है, यह जानने के लिए हमें मालदीव की अंदरुनी राजनीति को ज़रा खंगालना होगा। यह अभियान चला रहे हैं, पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल्ला यामीन, जो लगभग डेढ़ माह पहले ही जेल से छूटे हैं। उन्हें रिश्वतखोरी और सरकारी लूट-पाट के अपराध में सजा हुई थी। उन्होंने सत्तारुढ़ मालदीव डेमोक्रेटिक पार्टी के खिलाफ जन-अभियान छेड़ दिया है। यह अभियान इसलिए, भारत-विरोधी बन गया है कि 'माडेपा' के दो नेताओं राष्ट्रपति मोहम्मद सालेह और पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद नशीद को कट्टर भारत-समर्थक माना जाता है। यामीन को अपना गुस्सा नशीद और सालेह पर उतारना है तो उन्हें भारत को ही मालदीव का दुश्मन घोषित करना जरुरी है। यामीन का यह भारत-विरोधी अभियान इतनी रफ्तार पकड़ता जा रहा है कि सत्तारुढ़ 'माडेपा' अब संसद से ऐसा कानून पास करवाना चाह रही है, जिसके तहत उन लोगों को छह माह की जेल और 20 हजार रु. जुर्माना भरना पड़ेगा, जो मालदीव पर यह आरोप लगाएंगे कि वह किसी विदेशी राष्ट्र के नियंत्रण में चला गया है। इसे वह राष्ट्रीय अपमान कहकर संबोधित कर रहे हैं। यह कानून आसानी से पास हो सकता है, क्योंकि संसद में सत्तारुढ़ दल के पास प्रचंड बहुमत है। यामीन की प्रोग्रेसिव पार्टी में कोई दम नहीं है कि वह सत्तारुढ़ पार्टी को संसद में नीचा दिखा सके लेकिन मालदीव की जनता में उसकी लोकप्रियता बढ़ती चली जा रही है। उसके कई कारण हैं। पहला कारण तो यही है कि सत्तारुढ़ 'माडेपा' में अंदरुनी खींचतान चरमोत्कर्ष पर है। राष्ट्रपति सालेह और संसद-अध्यक्ष नशीद में चिक-चिक की खबरें रोज़ मालदीवी जनता को हैरत में डाल रही हैं। नशीद वास्तव में खुद जनाधारवाले नेता हैं। वे संविधान में परिवर्तन करके अपने लिए प्रधानमंत्री का पद पैदा करना चाहते हैं। सालेह और नशीद के मतभेद अन्य कई मुद्दों पर भी खुले-आम सबके सामने आ रहे हैं। इसका कुप्रभाव प्रशासन पर हो रहा है। सरकार पर से जनता का विश्वास घटता जा रहा है। दूसरा, मंहगाई और कोरोना बीमारी ने मालदीव की अर्थ-व्यवस्था को लगभग चौपट कर दिया है। तीसरा, यद्यपि भारत पूरी मदद कर रहा है लेकिन यामीन-राज में चीन ने जिस तरह से अपनी तिजोरियां खोलकर मालदीवी नेताओं की जेबें भर दी थीं और उन्हें अपनी जेब में डाल लिया था, वैसा नहीं होने के कारण वर्तमान नेतृत्व काफी सांसत में है। चौथा, सालेह-नशीद सरकार पर उसके विरोधी यह आरोप भी जड़ रहे हैं कि उसने भारत से सामरिक सहयोग करने के बहाने मालदीव की संप्रभुता को भारत के हाथ गिरवी रख दिया है। मालदीव में सक्रिय भारतीय नागरिकों को आजकल कई नई मुसीबतों का सामना करना पड़ा है। भारतीय राजदूतावास पर हमले की आशंकाएं भी बढ़ गई हैं। यह असंभव नहीं कि मालदीव में तख्ता-पलट की कोई फौजी कारवाई भी हो जाए। भारत के लिए यह गहन चिंता का विषय है। (लेखक- डॉ. वेदप्रताप वैदिक / ईएमएस)

### दैनिक पंचांग

**03 फरवरी 2022 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मकर में | कुंभ | 07.17 बजे से |
| चंद्र | कुंभ में | मीन | 08.49 बजे से |
| मंगल | धनु में | मेष | 10.20 बजे से |
| बुध | मकर में | वृष | 12.00 बजे से |
| गुरु | कुंभ में | मिथुन | 13.58 बजे से |
| शुक्र | धनु में | कर्क | 16.11 बजे से |
| शनि | मकर में | सिंह | 18.28 बजे से |
| राहु | वृष में | कन्या | 20.39 बजे से |
| केतु | वृश्चिक में | तुला | 22.50 बजे से |
| राहुकाल | 1.30 से 3.00 बजे तक | वृश्चिक | 01.05 ब.से |
| | | धनु | 03.21 बजे से |
| | | मकर | 05.26 बजे से |

**गुरुवार** 2022 वर्ष का 34 वां दिन
**दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** शिशिर।
**विक्रम संवत्** 2078 **शक संवत्** 1943
**मास** माघ **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** तृतीया 04.39 बजे प्रात: को समाप्त।
**नक्षत्र** शतभिषा 16.35 बजे को समाप्त।
**योग** परिघ 21.16 बजे को समाप्त।
**करण** तैतिल 17.22 बजे तदनन्तर गर 04.39 बजे प्रात: को समाप्त।
**चन्द्रायु** 01.8 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 16° 36'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1871148
**जूलियन दिन** 2459613.5
**कलियुग संवत्** 5123
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2548
**हिजरी सन्** 1443
**महीना** रज्जब
**तारीख** 01

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | अमृत | 05.40 से 07.11 बजे तक |
| रोग | 07.22 से 08.51 बजे तक | चर | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| उद्वेग | 08.51 से 10.19 बजे तक | रोग | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| चर | 10.19 से 11.47 बजे तक | काल | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| लाभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | लाभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| अमृत | 01.15 से 02.43 बजे तक | उद्वेग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| काल | 02.43 से 04.11 बजे तक | शुभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| शुभ | 04.11 से 05.40 बजे तक | अमृत | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# प्रजातंत्र के स्तंभों में टकराव

'सुप्रीम' कौन.... संसद, सरकार या न्यायपालिका...?

अब एक बार फिर प्रजातंत्र के तीन स्तंभों विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच अधिकारों व सर्वोच्चता को लेकर संघर्ष की स्थिति निर्मित हो रही है, जबकि हमारे संविधान ने इन तीनों स्तंभों को अलग-अलग अधिकार व सीमाएं तय कर रही है, किंतु आज इन तीनों स्तंभों में ''सर्वोच्चता'' की स्पर्द्धा चल रही है और सब एक दूसरे को अपने अधीन बता रहा है। जबकि संविधान ने स्पष्ट हिदायत दी है कि प्रजातंत्र के तीनों स्तंभ अपनी-अपनी सीमा में रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन करें।

इस वर्ष जबकि हमारा देश अपने संविधान का तिहत्तरवां स्थापना दिवस मनाने जा रहा था, उसके ठीक एक दिन पहले माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने चुनाव प्रचार के दौरान मतदाताओं के सामने सरकारी खर्च पर परोसे जा रहे लोक लुभावन नारों व वादों को लेकर चिंता व्यक्त की तथा केन्द्र व चुनाव आयोग से इस सम्बंध में जवाब तलब किया, वैसे देखा जाए तो न्यायपालिका व चुनाव आयोग दोनों की स्वतंत्र संगठन है, जिन पर केन्द्र सरकार या विधायिका का कोई नियंत्रण नहीं होता, किंतु सुप्रीम कोर्ट ने इस आम जनहित के मामले को स्वयं संज्ञान में लेते हुए केन्द्र व चुनाव आयोग को जवाब देने हेतु नोटिस जारी किए तथा एक महीनें में जवाब तलब किए है। अब चुनाव आयोग व केन्द्र सरकार सर्वोच्च न्यायालय को इस नोटिस का क्या जवाब देते है? या देते भी है या नही यह तो भविष्य के गर्भ में है, फिलहाल तो केन्द्र व चुनाव आयोग यही तय करने में व्यस्त है कि इस नोटिस का जवाब देना ठीक रहेगा या नहीं?

वैसे पिछली कई बार केन्द्र पर यह आरोप लगाए जा चुके है कि वह अपनी सर्वोच्चता सिद्ध करने के लिए चुनाव आयोग को नियंत्रण में रखने का प्रयास करता रहा है, जिसका ताजा उदाहरण पश्चिम बंगाल का है, जहां वहां की मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी ने केन्द्र सरकार पर चुनाव आयोग को नियंत्रण में रखने के गंभीर आरोप लगाए थे और इन आरोपों में कुछ अंशों तक सत्यता पाई भी गई थी, क्योंकि चुनाव आयोग ने वही किया जो केन्द्र चाहता था। अब यह संयोग था या वास्तविकता यह स्पष्ट नहीं हो पाया, किंतु इस गंभीर आरोप का देश का माकूल जवाब नही मिला यह सब जानते है।

अब ताजे घटनाक्रम में सुप्रीम कोर्ट के वे नोटिस सामने आये है, जिनमें केन्द्र व चुनाव आयोग से पूछा गया है कि चुनाव प्रचार के दौरान करीब-करीब सभी राजनीतिक दल सरकारी खर्च पर चुनावी वादे करते है और मतदाताओं को आकर्षित करने का प्रयास करते है, उसके लिए चुनाव आयोग की केन्द्र सरकार क्या कदम उठाने जा रही है? और इस अहम सवाल के जवाब में केन्द्र व चुनाव आयोग दोनों मौन इसलिए है क्योंकि चुनाव आयोग पर केन्द्र का दबदवा है और केन्द्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ही सुप्रीम कोर्ट के सवाल का सबसे अहम सबब है, उत्तरप्रदेश में चुनाव प्रचार के दौरान जो कुछ चल रहा है, भाजपा व सपा दोनों ही जिस तरह के सरकारी खर्च वाले चुनावी वादे लिखित रूप से मतदाताओं के सामने परोस रहे हैं उन्हीं को लेकर यह अहम सवाल उठाया गया है, अब ऐसी स्थिति में केन्द्र व चुनाव आयोग क्या जवाब दे? किंतु यह सही है कि सुप्रीम कोर्ट ऐसे सवाल उठाकर अपने प्रति समर्थन जुटाने में अहम भूमिका निभा रही है।

और.... इसीलिए सुप्रीम कोर्ट को भारत का आम देशवासी अपना सबसे बड़ हित चिंतक मानने लगा है अब इसी कारण देश के आम मतदाता का न तो विधायिका (सरकार-संसद) पर भरोसा रहा और न ही कार्यपालिका पर, क्योंकि कार्यपालिका तो शुद्ध रूप से केन्द्र के ही अधीन है, वह वही करती आई है, जो केन्द्र सरकार चाहती है, और केन्द्र के निर्देशों को मूर्तरूप देने में इसी अंग की अहम भूमिका भी है।

अब केन्द्र सरकार या विधायिका (संसद) की अधिकार लिप्सा इतनी अधिक बढ़ती जा रही है कि वह चुनाव आयोग जैसे स्वतंत्र संगठनों पर कब्जे के बाद देश की न्यायपालिका को भी अपने कब्जे में करना चाहता है, जिससे पूरे देश व स्वतंत्रता के तीनों प्रमुख अंगों पर उसका कब्जा रहे और वह निरंतर ''एकतंत्र'' की घातक रास्ते की ओर बढ़ता रहे? केन्द्र के इसी मंसूबे से चिंतित सुप्रीम कोर्ट ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर इस तरह की चिंता व्यक्त कर अपनी आशंकाओं का केन्द्र व चुनाव आयोग से जवाब मांगा? साथ सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने यह भी जोड़ा कि यह गंभीर मुद्दा है और ज्यादा चुनावी वादे करने वाले दल फायदे में रहते है और सभी को समान स्तर पर चुनाव लड़ने का मौका नहीं मिल पा रहा है।

आज देश में एक ओर जहां सुप्रीम कोर्ट केन्द्र व चुनाव आयोग के इस तालमेल से चिंतित है, वहीं दूसरी ओर देश में कानून व संविधान विशेषज्ञों द्वारा यह सवाल उठाया जा रहा है कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर संसद में विचार-परिचर्चा व वाद-विवदा हो सकती है या नहीं? संविधान विशेषज्ञ उल्हास बापट ने यह सवाल उठाया है उनका कहना है कि भारत का संविधान विश्व का सर्वश्रेष्ठ संविधान है, इसमें समय के अनुरूप जनहित में संशोधन करने की अनुमति भी है, इसके सामने देश के सभी नागरिक समान है और सभी को समान अधिकार भी प्राप्त है अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता भी कुछ प्रतिबंधों के साथ प्राप्त है। सुप्रीम कोर्ट की प्रासंगिकता का उदाहरण देते हुए श्री बापट का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट ने आईपीसी की सेक्शन-377 (होमोसेक्स्यूलिटी) के प्रावधानों को गैर संवैधानिक करार दिया है इसके बावजूद आईपीसी में अब तक कोई बदलाव नहीं किया गया है, सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले पर विचार करते हुए संसद को कानून में बदलाव करना चाहिये, लेकिन आज तक कोई संशोधन नहीं हुआ है, श्री बापट का कहना है कि यही एक नहीं ऐसे सुप्रीम कोर्ट के कई ऐतिहासिक फैसले है जिन पर संसद को विचार कर संविधान में जरूरी संशोधन करने चाहिये थे, जो अब तक नहीं किये गए। इसी प्रकार केन्द्र सरकार को ''यूनिफार्म सिविल कोड'' की ओर बढ़ना चाहिये था, किंतु यह मामला अभी भी सिर्व व सिर्फ बयानबाजी तक ही सीमित है?

यहाँ एक सवाल आरक्षण के बढ़ते प्रतिशत की ओर भी उठाया जा रहा है केन्द्र सरकार अपनी दलीय राजनीति के तहत् आरक्षण का प्रतिशत दिनोंदिन बढ़ाये जा रही है, जबकि देश के कानूनविदों की राय है कि देश में आरक्षण पचास फीसदी से अधिक कतई नहीं होना चाहिए।

इस प्रकार कुल मिलाकर कई ऐसे विवादित मामले है जिन पर प्रजातंत्र के तीनों अंग विशेषकर विधायिका व न्यायपालिका मिल बैठकर फैसला ले सकते है, किंतु ऐसा हो नही पा रहा है और सभी 'सुप्रीमैसी' के अंग बने हुए है? क्या यह देशहित में है? सभी को मिल बैठकर इस पर गंभीर चिंतन करना चाहिये। (लेखक- ओमप्रकाश मेहता

# संस्कार विहीनता की ओर बढ़ती युवा पीढ़ी।

व्यक्ति के जीवन में संस्कारों का बड़ा महत्व होता है। संस्कारों की प्रथम पाठशाला मां होती है। कहते हैं कुमार मिट्टी को जैसा आकार देता है वैसा ही घड़ा बन जाता है। जितने भी महापुरुष हुए हैं वे संस्कारों की सीढ़ी पर चढ़कर ही जीवन के हर क्षेत्र में सफल हुए हैं।संस्कारों से ही संस्कृति की रक्षा होती है।मां-बाप आज बच्चे को अच्छे संस्कार देने को जागरुक नहीं है। पाश्चात्य संस्कृति के अंधानुकरण एवं वर्तमान भौतिक चकाचौंध में वहकर युवा पीढ़ी संस्कार को भूलकर पतन की ओर अग्रसर हो रही है। युवा पीढ़ी को ही पतन के लिए दोषी नहीं ठहरा सकते,कुसंस्कार के लिए हम भी दोषी हैं। बालक को गर्भावस्था में मां से संस्कार मिलते हैं। संस्कारों से चरित्र का निर्माण होता है। जिसका चरित्र उज्जवल होता है उसकी पूजा होती है। संस्कारों को वृति कहते हैं, वृति से ही हमारी प्रवृत्ति बनती है। आज से लगभग 50 वर्ष पहले चलकर हम देखें तो बालक को जन्म के साथ ही माता-पिता अच्छे संस्कार प्रदान कर सफल जीवन की ओर बढ़ाते थे। बालक बालिकाओं की सह शिक्षा का निषेध था। बालक बालिकाओं की दैनिक गतिविधियों पर परिवार की पैनी नजर रहती थी। वर्तमान में युवा पीढ़ी में जो संस्कारविहीनता आई है।उनसे आप भली-भांति परिचित हैं। प्रेम विवाह, अंतरजातीय विवाह, नशे की बढ़ती प्रवृत्ति, गर्भपात, भ्रूण हत्या, विवाह पूर्व फिल्मांकन, माता-पिता को वृद्धा आश्रम में रहने की मजबूरी, अनैतिक तरीके से धन उपार्जन करना। आदि अनेक गलत आदतें युवा पीढ़ी में बढ़ रही है। वर्तमान में युवा पीढ़ी उच्च शिक्षा प्राप्त कर प्रशासनिक एवं तकनीकी पदों पर आसीन हो रहे है। विदेश जाकर नौकरी करने की स्पर्धा चल रही है। मेरा मत है कि हम नौकरी या व्यवसाय करें, मगर हमें अपने मूलभूत संस्कारों का पालन करते हुए कार्य करना चाहिए।आधुनिक संचार क्रांति मोबाइल, इंटरनेट, फेसबुक,के जितने लाभ है उससे ज्यादा इन सुविधाओं का दुरुपयोग हो रहा है युवा पीढ़ी को पथभ्रष्ट करने में इनका पूर्ण योगदान है। प्रात काल उठकर शुद्ध वस्त्र पहनकर मंदिर में दर्शन करने जाना,पानी छानकर पीना, रात्रि भोजन नहीं करना आदि मूलभूत आचरण अब परिवार के वरिष्ठ जनों के जिम्मे रह गये हैं।परिवार में कुलाचार का पालन होता था, हम कुलाचार को भूल गए हैं। कुलाचार के पालन से दुराचार से बचते थे, मुनिराज साधु संत निरंतर युवा पीढ़ी को सद् मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। क्रांतिकारी राष्ट्रसंत समाधिस्थ मुनि तरुण सागर जी महाराज ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्हें तीन संकल्प दिलाये थे। 1, जीवन में कभी निराश होकर कभी आत्महत्या नहीं करूंगा। 2. वृद्ध माता-पिता का सम्मान करुंगा, अपने परिवार के साथ रखूंगा। 3. देश प्रेम की भावना से कमी नहीं करूंगा। सराकोद्धारक समाधिस्थ आचार्य ज्ञानसागर जी महाराज साहब ने शाहदरा दिल्ली में विगत वर्षों विशाल आम सभा को संबोधित करते हुए युवा पीढ़ी को आह्वान किया कि माता-पिता का ही बेटा है तो वह संकल्प ले कि माता-पिता को छोड़कर विदेश नौकरी के लिए नहीं जाएगा। दो बेटे हैं तो एक नौकरी करेगा, दूसरा अपना पारिवारिक व्यवसाय करेगा। आचार्य गुरुवर विद्या सागर जी महाराज के परम प्रिय शिष्य तीर्थ उद्धारक संस्कार प्रणेता निर्यातक श्रमण मुनि सुधासागर जी महाराज का स्पष्ट कहना है युवा पीढ़ी को संस्कार विहीन एवं पथभ्रष्ट बनाने माता पिता ही दोषी हैं।माता पिता बचपन से ही अपने बच्चों पर ध्यान नहीं देते हैं। और बच्चे युवावस्था में पथ भ्रष्ट हो जाते हैं।देश में युवाओं में संस्कारों की अलख जगा रहे सुप्रसिद्ध श्वेतांबर जैन मुनि चंद्रप्रभ जी महाराज ने मंगल प्रवचन करते हुए कहा जिस परिवार में माता-पिता का सम्मान नहीं होता है परिवार मरघट के समान है। दिगंबर जैन मुनि प्रमाण सागर जी महाराज ने प्रवचन करते हुए कहा आप कितना भी पैसा कमा लें आपका चरित्र उज्जवल नहीं है तो सब बेकार है। चरित्र का निर्माण तभी होता है जब संस्कारों की शिक्षा दी जाएगी। मुनिराज ने माताओं को प्रेरणा दी कि आप जितना ध्यान अपने बेटे की शिक्षा पर देती हैं उतना ही ध्यान उसे संस्कार देकर चारित्रवान बनाने दें। आचार्य विद्यासागर जी महाराज के प्रिय शिष्य ऐलक सिद्धांत सागर जी महाराज देश भर में संस्कार मेला लगाते हैं।साधु संतों से हमें संस्कारवान बनकर अच्छा जीवन जीने की प्रेरणा मिलती है अपने उपदेशों को जीवन में उतारने वालों की संख्या निरंतर कम होती जा रही है जैन मुनियों साध्वियों का प्रभाव होता है लड़कियों को यह संकल्प दिलाते हैं कि मंदिर जी एवं प्रवचन सभा में आधुनिक वस्त्र जींस टॉप पहनकर नहीं आना है मगर बिडंवना यह है कि जब तक संत विराजमान रहते हैं उनके संकल्प का पालन होता है उनके बिहार करते ही आधुनिक वस्त्र पहनना चालू हो जाता है प्राचीन काल में महिलाओं से कुल की मर्यादा कापालन कराया जाता था। लड़कियों व महिलाओं का पहनावा ऐसा होना चाहिए जिसे पहनकर संस्कृति की रक्षा हो।संस्कार विहीन युवा पीढ़ी को पथभ्रष्ट होने से रोकने समाज को गंभीरता से विचार करना चाहिए युवा पीढ़ी संस्कार विहीन होगी तो समाज व देश की संस्कृति की रक्षा कैसे होगी। (लेखक- विजय कुमार जैन / ईएमएस)

### आज का इतिहास 3 फरवरी

1760 सदाशिवराव भाऊ के नेतृत्व में मराठा सेना ने उदगीर की लड़ाई में निजाम को शिकस्त दी.
1830 फ्रांस, रूस और ब्रिटेन के संरक्षण में यूनान स्वतंत्र हुआ.
1894 इस्पात से निर्मित पहले जहाज डिरिगो का जलावतरण अमरीका में किया गया.
1913 बल्गारिया और तुर्की के बीच युद्ध पुनः भड़क उठा.
1916 बनारस हिंदू विश्वविद्यालय खुला.
1925 मुंबई और कुर्ला के बीच विद्युत चालित रेलगाड़ी शुरू हुई.
1945 अमरीका फौजों ने मनीला पर पुनः कब्जा कर लिया.
1954 इलाहाबाद में कुंभ मेला त्रासदी में पांच सौ से अधिक लोग मरे.
1969 द्रविड मुनेत्र कड़घम के संस्थापक सी. एन.अन्नादुरई का निधन.
1964 चीन ने कम्युनिस्ट जगत में सोवियत संघ के नेतृत्व को चुनौती दी.
1970 कोयला आधारित प्रथम उर्वरक कारखाने का शिलान्यास तालचेर में हुआ.
1977 इथोपिया के राष्ट्राध्यक्ष जनरल तफारी बांटी मारे गए.
1978 महाकवि शंकर कुरुप का निधन.
1983 असम की नयी राजधानी प्रागज्योतिशपुर का शिलान्यास हुआ.
1989 परागुवे में सेना ने सत्ता पर कब्जा कर लिया.
1991 कुवैत की खाड़ी को बहुराष्ट्रीय सेनाओं के हमले बचाने के इराक ने उसमें तेल फैलाना शुरू कर दिया.
1994 अमरीका ने वियतनाम से व्यापार पर लगे 19 वर्ष पुराने प्रतिबंध उठा लिए.
2005 नागपुर में ट्रेन-ट्रैक्टर ट्राली में हुई भिड़ंत में 53 लोग मरे.

## आईपीएल नीलामी में विकेटकीपर बल्लेबाजों पर लग सकती है बड़ी बोली

मुम्बई (ईएमएस)। इसी माह होने वाली इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की मेगा नीलामी में युवा विकेटकीपरों पर पैसे की बारिश हो सकती है। इसका कारण यह है कि आईपीएल में कई टीमें ऐसी हैं जिनके पास अभी तक कोई विकेटकीपर नहीं है। आईपीएल में इस बार आठ की जगह दस टीमें भाग ले रही हैं। इसमें अहमदाबाद और लखनऊ की टीमें पहली बार भाग लेंगी। इसको देखते हुए अगर सभी टीमों के बरकरार रखे हुए खिलाड़ियों पर नजर डालें तो चेन्नई सुपर किंग्स, दिल्ली कैपिटल्स, राजस्थान रॉयल्स को छोड़कर अन्य टीमों के पास विकेटकीपर बल्लेबाज नहीं हैं। सुपर किंग्स के पास विकेटकीपर के तौर पर सबसे अनुभवी महेद्र सिंह धोनी हैं जबकि दिल्ली कैपिटल्स के पास कप्तान के तौर पर बेहद आक्रामक विकेट कीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ,वहीं लखनऊ सुपर जायंट्स के पास विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर लोकेश राहुल हैं।

कप्तान के तौर पर विकेटकीपर को टीम में जोड़ने से एकसाथ कई लाभ मिल जाते हैं। टीम को एक अतिरिक्त बल्लेबाज भी मिल जाता है। इसके साथ ही वह विकेट के पीछे से लगातार सुझाव देता रहता है। यही कारण है कि सुपरकिंग्स के अलाव दिल्ली और लखनऊ ने कप्तान के तौर पर विकेटकीपर बल्लेबाज को जिम्मेदारी दी है। ऐसे में युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन के अलावा क्विंटन डिकॉक ओर दिनेश कार्तिक जैसे खिलाड़ियों पर बड़ी रकम लग सकती है। ईशान विकेटकीपर होने के साथ ही पारी की शुरुआत के अलावा चौथे नंबर पर भी आकर तेजी से रन बना सकते हैं।

1 क्विंटन डिकॉक- (2 करोड़)(मार्की)
2 ईशान किशन – (2 करोड़)
3 दिनेश कार्तिक – (2 करोड़)
4 सैम बिलिंग्स – (2 करोड़)
5 मैथ्यू वेड – (2 करोड़)
6 जॉनी बेयरस्टो – (1.5 करोड़)
7 निकोलस पूरन – (1.5 करोड़)
8 ग्लेन फिलिप्स (1.5 करोड़)
9 जोशुआ फिलीप (1 करोड़)
10 ऋद्धिमान साहा- 1 करोड़

## ओमीक्रोन स्वरूप के नौ करोड़ से ज्यादा मामले सामने आए

जिनेवा (ईएमएस)। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचो) के महानिदेशक ने कहा कि 10 सप्ताह पहले कोरोना का ओमीक्रोन स्वरूप सामने आने के बाद से अभी तक संक्रमण के नौ करोड़ से ज्यादा मामले सामने आ चुके हैं, जो कि वर्ष 2020 में सामने आए कुल मामलों से ज्यादा है।

गौरतलब है कि वर्ष 2020 में कोरोना महामारी की शुरुआत हुई थी। डब्ल्यूएचो के महानिदेशक टेड्रोस अधानोम घेबरेसस ने आगाह किया कि हालांकि ओमीक्रोन के अन्य स्वरूपों जितना घातक नहीं है फिर भी इससे बचकर रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि दुनियाभर के ज्यादातर क्षेत्रों से मौतों की संख्या में वृद्धि की बेहद डराने वाली खबरें आ रही हैं।

### शब्द पहेली - 7186



**बाएँ से दाएँ**
1. आस्तिक, अनुगामी, पूजक-2
2. रख-रखाव-2,3
6. देह, बदन-2
7. कारण-3
8. तपस्या-2
9. बंदूकधारी(अंग्रेजी-3)
11. पति की बहन-3
12. प्रतिज्ञा, वचन-3
14. पिता, डैडी-2
16. मन मोहने वाला-5
18. आनंदित-2
19. लवण, खार-3
21. बख्तरबंद, आवरण-3
23. पासों से भविष्य जानना-3
25. आमिर व काजोल की फिल्म-2
27. मुलायम, कोमल-3
28. उस समय-2
29. भ्रमण, घूमना-3,
30. कोलाहल-2

**ऊपर से नीचे**
1. खतरनाक-4
2. सनम, बालम-3
3. रहने का तरीका-3,3
4. चावल-2
5. बिजली का कौंधना-5
6. कौवा, काग-2
10. सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
13. मन को भाने वाला-5
15. सहयात्री-5
17. कटि-3
20. निम्न, न्यूनतम-4
22. उत्कर्ष-3
24. अधर, होठ-2
26. संबोधन-2

शब्द पहेली - 7185 का हल



■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## खेल - समाचार

### आईपीएल नीलामी में श्रीसंत शामिल

मुम्बई (ईएमएस)। तेज गेंदबाज एस श्रीसंत को भी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की मेगा नीलामी के लिए शामिल किया गया है। बीसीसीआई ने नीलामी के लिए जिन 590 खिलाड़ियों की सूची जारी कर दी है। इस लिस्ट में भारत के तेज गेंदबाज एस श्रीसंत भी शामिल है। ऐसे में अब श्रीसंत को भी कोई टीम खरीद पायेगी। मेगा नीलामी के लिए श्रीसंत ने अपना आधार मूल्या 50 लाख रुपए तय किया है। बीसीसीआई द्वारा जारी सूची में शामिल किये जाने से श्रीसंत बेहद उत्साहित हैं। श्रीसंत को उम्मीद है कि आईपीएल नीलामी में कोई ना कोई फ्रेंचाइजी उन्हें जरुर खरीदेगी। इस गेंदबाज ने नीलामी के लिए शामिल किये जाने पर खुशी जाहिर की है।

श्रीसंत ने ट्वीट करते हुए लिखा कि आप सभी को मेरा प्यार। मैं सभी का शुक्रिया नहीं कर पाउंगा। पर सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद और आभार। मैं आप सभी का हमेशा आभारी रहूंगा। ऑक्शन के लिए अपनी दुआओं को मेरे साथ बनाएं रखना। ओम नमः शिवाय।38 साल के श्रीसंत ने आईपीएल के पिछले सत्र के लिए भी अपन नाम भेजा था पर तब किसी भी फ्रेंचाइजी ने उन्हें शामिल नहीं किया था। उन्होंने पहले पंजाब, राजस्थान और कोच्चि की ओर से खेला है पर स्पॉट फिक्सिंग मामले में उन्हें प्रतिबंधित भी किया गया था।

### चीन को हराकर एफआईएच प्रो लीग में शीर्ष पर पहुंची भारतीय टीम

मस्कट (ईएमएस)। भारतीय महिला हॉकी टीम ने अपने दूसरे मुकाबले में भी चीन को 2-1 से हराकर एफआईएच प्रो लीग में शीर्ष स्थान हासिल किया है। इससे पहले भारतीय टीम ने अपने पदार्पण मुकाबले में चीन को 7-1 से हराया था। भारतीय टीम के सामने चीन की टीम इस मैच में भी टिक नहीं पायी।

पहले हाफ में अधिकतर समय गेंद भारतीय टीम के पास थी। वहीं चीन की रक्षापंक्ति का प्रदर्शन भी अच्छा नहीं था। भारत ने मैच की शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया। इसका फायदा टीम को तीसरे मिनट में ही मिला जब टीम को पेनल्टी कॉर्नर मिला। गुरजीत कौर ने इसे गोल में बदलकर भारत को की ओर से पहला गोल किया। बढ़त दिलाई।

भारतीय टीम ने इसके बाद गोल के कई प्रयास किये पर उसके निशाने गोलपोस्ट पर नहीं पहुंच पाये। दूसरे हाफ में चीन ने आक्रमण किया। वैंग शुमिन ने एक गोल कर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। भारत को इसके बाद कई पेनल्टी कॉर्नर मिले पर टीम उन्हें गोल में नहीं बदल पायी।

अंतिम क्वार्टर में भारतीय टीम ने अपने हमले ओर तेज कर दिये। इस दौरान भारतीय टीम को भारत को एक पेनल्टी कॉर्नर मिला पर दीप ग्रेस एक्का इसे गोल में नहीं बदल पायी। गुरजीत ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर एक बार फिर भारतीय टीम को 2-1 से आगे कर दिया। इसके बाद अंत तक यह बढ़त कायम रही।

### अंडर 19 विश्व कप : 24 साल के बाद फाइनल में पहुंची इंग्लैंड

नॉर्थ साउंड (ईएमएस)। इंग्लैंड ने 24 साल के बाद अंडर 19 विश्व कप क्रिकेट के खिताबी मुकाबले में जगह बनायी है। इंग्लैंड ने सेमीफाइनल में अफगानिस्तान को 15 रन से हराकर फाइनल में जगह बनायी। इससे पहले इंग्लैंड टीम साल 1998 में पहली बार फाइनल में पहुंची थी। स्पिनर रेहान अहमद ने 46वें ओवर में तीन विकेट लेकर अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। रेहान की गेंदबाजी के कारण ही अफगानिस्तान टीम अंतिम दस गेंद में 18 रन नहीं बना पायी।

बारिश के कारण सुपर लीग सेमीफाइनल का यह पहला मैच देर से शुरू हुआ। इसमें इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 231 रन बनाये। टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और सलामी बल्लेबाज जैकब बेथेल शुरु में ही नावीद जदरान का शिकार बन गये। इसके बाद कप्तान टॉम प्रेस्ट भी पवेलियन लौट गये।

जॉर्ज थॉमस ने 50 रन बनाकर टीम को संभाला। विलियम लक्सटन भी रन नहीं बना पाये। इस प्रकार इंग्लैंड की आधी टीम सौ रनों के अंदर पेवेलियन लौट गयी। इसके बाद आई बारिश के कारण मैच को 47 ओवर का कर दिया गया। अंतिम ओवरों में जॉर्ज बेल और एलेक्स होर्टोन ने 95 रन बनाकर टीम को 231 के स्कोर तक पहुंचाया।

अफगानिस्तान की टीम इसके बाद जीत के लिए मिले 231 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए नौ विकेट पर 215 रन ही बना पायी। अफगानिस्तान की ओर से नूर ने 60 जबकि अब्दुल हादी ने नाबाद 37 रन बनाये।

### पहली बार 220 विदेशी खिलाड़ी आईपीएल नीलामी में उतरेंगे

मुम्बई (ईएमएस)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 15 वें सत्र के लिए 12 और 13 फरवरी को बेंगलुरु में होने वाली मेगा नीलामी में 10 टीमें उतर रही हैं। पहली बार लखनऊ और अहमदाबाद को मौका मिला है। पहली बार 220 विदेशी खिलाड़ी नीलामी में दिखेंगे। इसमें 19 देशों के कुल 1214 खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन हुआ है। इस बार टी20 लीग में 10 टीमें उतर रही हैं। इसमें पहली बार लखनऊ और अहमदाबाद की टीमों को अवसर मिला है। 220 विदेशी खिलाड़ी नीलामी में दिखेंगे।

आईपीएल की मेगा नीलामी में 370 भारतीय खिलाड़ियों को जगह मिली है। इसमें विदेशी खिलाड़ी के तौर पर सबसे अधिक ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ी उतरेंगे। उनके 47 खिलाड़ियों को सूची में जगह मिली है। इसके अलावा वेस्टइंडीज के 34, दक्षिण अफ्रीका के 33 और इंग्लैंड व न्यूजीलैंड के 24-24 खिलाड़ियों को इसमें शामिल किया गया है। भूटान, ओमान, नीदरलैंड्स और यूएई के खिलाड़ी रजिस्ट्रेशन सूची में शामिल थे पर वे नीलामी में जगह नहीं बना सके। मेगा नीलामी में अफगानिस्तान के 17, बांग्लादेश व आयरलैंड के 5-5, श्रीलंका के 23, नामीबिया के 3, स्कॉटलैंड के 2 जबकि जिम्बाब्वे, नेपाल और अमेरिका के 1-1 खिलाड़ियों को जगह दी गई है। अब तक 10 टीमों ने कुल 33 खिलाड़ियों को अपने साथ जोड़ा है। इसमें 10 विदेशी खिलाड़ी भी शामिल हैं। टी20 लीग में उतर रही सभी 10 टीमों की बात करें तो पंजाब किंग्स ने सबसे कम 2 खिलाड़ियों को बरकरार रखा है। ऐसे में वह 23 खिलाड़ियों को अपने साथ अभी और जोड़ सकेगी। आईपीएल नियम के अनुसार, एक टीम अधिकतम 25 और न्यूनतम 18 खिलाड़ियों को शामिल कर सकती है। इसके साथ ही एक टीम में 8 से अधिक विदेशी खिलाड़ी नहीं हो सकते।

### एकदिवसीय सीरीज के लिए अहमदाबाद पहुंची वेस्टइंडीज टीम

मुम्बई (ईएमएस)। वेस्टइंडीज टीम सीमित ओवरों की क्रिकेट सीरीज के लिए अहमदाबाद पहुंच गयी है। मेहमान टीम अपने इस दौरे में भारतीय टीम के साथ तीन एकदिवसीय और इतने ही टी20 मैच खेलेगी। अहमदाबाद पहुची वेस्टइंडीज टीम अभी तीन दिन तक के लिए क्वारंटीन में रहेगी। दोनो ही टीमों के बीच 6 फरवरी से तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज शुरु होगी। इसके बाद इतने ही टी20 मुकाबले खेल जाएंगे। एकदिवसीय मैच अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में खेले जाएंगे जबकि टी20 सीरीज कोलकाता के ईडन गार्डन क्रिकेट स्टेडियम में खेली जाएगी।

एकदिवसीय सीरीज जहां दर्शकों के बिना ही खेली जाएगी। वहीं टी20 मुकाबले के दौरान 75 पफीसदी दर्शकों को प्रवेश दिया जाएगा। अहमदाबाद में कोरोना संक्रमण के अधिक मामलों को लेकर खाली स्टेडियम में मैच आयोजन का फैसला गुजरात क्रिकेट बोर्ड (जीसीए) ने लिया जबकि पश्चिम बंगाल सरकार ने दर्शकों के प्रवेश की अनुमति दी है। इस सीरीज में भारतीय टीम की कप्तानी रोहित शर्मा करेंगे जबकि वेस्टइंडीज की कमान कीरोन पोलार्ड के हाथों में रहेगी।

वेस्ट इंडीज टीमः कीरोन पोलार्ड (कप्तान), निकोलस पूरन (उप-कप्तान), फैबियन एलेन, नक्रमाह बोनर, डेरेन ब्रावो, शमरह ब्रूक्स, जेसन होल्डर, शाई होप, अकील होसेन, अल्जारी जोसेफ, ब्रैंडन किंग, केमार रोच, रोमारियो शेफर्ड, ओडियन स्मिथ, हेडन वॉल्श जूनियर.

भारतीय टीमः रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल (उप कप्तान), ऋतुराज गायकवाड़, शिखर धवन, विराट कोहली, सूर्य कुमार यादव, श्रेयस अय्यर, दीपक हुड्डा, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), दीपक चाहर, शार्दुल ठाकुर, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, वॉशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आवेश खान।

### आईपीएल नीलामी में कुल 590 क्रिकेटरों पर बोली लगेगी

मुंबई (ईएमएस)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2022 सत्र के लिए 12-13 फरवरी को बेंगलुरु में होने वाली दो दिवसीय मेगा नीलामी में कुल 590 क्रिकेटरों पर बोली लगेगी। आईपीएल का यह 15वां सत्र होगा ओर इसमें विश्व के शीर्ष खिलाड़ी भाग लेंगे। इस बार आईपीएल में आठ की जगह दस टीमें भाग ले रही हैं, ऐसे में अधिक खिलाड़ियों को अवसर मिलेंगे। इसमें दो करोड़ रुपए अधिकतम आधार मूल्या वाले 48 खिलाड़ी हैं। वहीं 1.5 करोड़ रुपए के आधार मूल्य वाले 20 खिलाड़ी हैं। इसके अलावा 34 खिलाड़ी एक करोड़ रुपए के आधार मूल्य वाले हैं। नीलामी के लिए रजिस्टर्ड 590 खिलाड़ियों में से 228 कैप्ड खिलाड़ी हैं जबकि 355 अनकैप्ड खिलाड़ी हैं और 7 खिलाड़ी एसोसिएट देश से हैं। श्रेयस अय्यर, शिखर धवन, आर अश्विन, मोहम्मद शमी, ईशान किशन, अजिंक्य रहाणे, सुरेश रैना, युजवेंद्र चहल, वाशिंगटन सुंदर शार्दुल ठाकुर, दीपक चाहर, इशांत शर्मा, उमेश यादव जैसे भारतीय खिलाड़ी नीलामी में उतरेंगे। इन खिलाड़ियों को खरीदने के लिए सभी दस टीमें मोटी रकम लगा सकती हैं। इसके अलावा विदेशी खिलाड़ियों में ये टीमें फाफ डु प्लेसिस, डेविड वार्नर, पैट कमिंस, कैगिसो रबाडा, ट्रेंट बोल्ट, क्विंटन डी कॉक, जॉनी बेयरस्टो, जेसन होल्डर, ड्वेन ब्रावो, शाकिब अल हसन, वनिन्दु हसरंगा जैसे खिलाड़ियों को अपनी टीम में जोड़ना चाहेंगी।

# 4 करोड़ रुपए की नकली कोविशील्ड और जाइकोव-डी की वैक्सीन बरामद

वाराणसी (ईएमएस)। कोरोना को हराने के लिए देश में दो बड़ी कोविड वैक्सीन लगाई जा रही हैं एक कोविडशिल्ड और दूसरी कोवैक्सीन लेकिन इस बीच एक बड़ी खबर सामने आई हैं दरअसल, एसटीएफ की टीम ने वाराणसी के लंका क्षेत्र के रोहित नगर में छापा मारा जहां मौके से कोविशील्ड और जाइकोव डी की नकली वैक्सीन बरामद की गई इतना ही नहीं इस दौरान एसटीएफ ने 5 लोगों को गिरफ्तार भी किया, जिनके नाम राकेश थवानी, संदीप शर्मा, लक्ष्य जावा, शमशेर और अरुणेश विश्वकर्मा है।

उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश की स्पेशल टास्क फोर्ट ने वाराणसी के लंका क्षेत्र के रोहित नगर से लगभग 4 करोड़ रुपए मूल्य की नकली कोरोना वैक्सीन और टेस्टिंग किट पकड़ी है। बताया जा रहा है कि ये कोरोना महामारी के खिलाफ इस्तेमाल होने वाली इस नकली वैक्सीन को यूपी समेत तमाम अन्य राज्यों में भी सप्लाई किया जाना था।

एसटीएफ की टीम ने मौके से कोरोना की नकली टेस्टिंग किट, कोविशील्ड और जाइकोव डी की नकली वैक्सीन के साथ-साथ खाली वायल और स्वाब स्टिक को बरामद किया है। जानकारी के मुताबिक पकडे गये आरोपी इस अवैध धंधे में बीते कुछ दिनों से लगे हुए थे और इस तरह की नकली वैक्सीन को बेचकर भारी मुनाफा बनाने की कोशिश में लगे हुए थे। वहीं अब पुलिस आरोपियों को पकड़ आगे जांच में जुटी हुई हैं।

# उत्तराखंड में कांग्रेस का घोषणा पत्र जारी

देहरादून (ईएमएस)। उत्तराखंड में आज कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने उत्तराखंडी स्वाभिमान प्रतिज्ञा पत्र उत्तराखंड के लिए कांग्रेस का घोषणा पत्र जारी कर दिया है। कांग्रेस ने घोषणा पत्र में पांच लाख परिवारों को सालाना 40 हजार रुपए देने का बड़ा एलान किया है। साथ ही पार्टी ने चार लाख युवाओं रोजगार देने का वादा भी किया है। कांग्रेस ने घोषणा पत्र में हर गांव हर द्वार स्वास्थ्य सुविधाएं देने का भी एलान किया है। कांग्रेस ने यह भी कहा है कि राज्य में गैस सिलेंडर के दाम 500 रुपए के पार नहीं होंगे। घोषणापत्र जारी करने के बाद प्रियंका गांधी ने ट्वीट कर लिखा, ''कांग्रेस पार्टी उत्तराखंड के लोगों के लिए रोजगार, स्वास्थ्य, शिक्षा और आय की सुरक्षा की व्यवस्था और महंगाई से राहत दिलाने की प्रतिज्ञा लेती है। प्रियंका गांधी देहरादून में पार्टी उम्मीदवारों के पक्ष में चुनावी जनसभा और वर्चुवल रैली को संबोधित करके हुए कहा, ''देश भर में गन्ने का बकाया 14 हजार करोड़ रुपए है और प्रधानमंत्रीनरेंद्र मोदीने 16 हजार करोड़ रुपए में अपने लिए 2 हेलिकॉप्टर खरीदे है। हेलिकॉप्टरों की कीमत पर बकाया राशि का भुगतान किया जा सकता था, लेकिन उन्होंने क्या चुना? दो हेलिकॉप्टर। बजट को लेकर प्रियंका गांधी ने जमकर मोदी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, ''आपने बजट देखा। इसमें मध्यम वर्ग और गरीबों के लिए क्या था? कुछ भी नहीं। आज सुबह किसी ने मुझे बताया कि हीरे की कीमत कम हो गई है और दवाओं की कीमत बढ़ गई है। मैं आपसे पूछना चाहता हूं कि आप अपनी आंखें कब खोलेंगे उत्तराखंड की 70 विधानसभा सीटों पर एक ही चरण में 14 फरवरी को वोटिंग होगी। नतीजे 10 मार्च को घोषित किए जाएंगे।

# तुर्की में यूनान से लगी सीमा के पास 12 शरणार्थियों के शव बरामद

अंकारा (ईएमएस)। तुर्की के गृहमंत्री सुलेमान सोयलु ने कहा कि यूनान से लगी सीमा के पास से अधिकारियों ने 12 शव बरामद किए हैं। माना जाता है कि ये शव उन शरणार्थियों के हैं, जिनकी जमा देने वाली ठंड के चलते मौत हो गई। सोयलु ने बताया कि ये 12 लोग उन 22 शरणार्थियों में थे, जिन्हें यूनान के सीमा प्रहरियों ने वापस तुर्की भेज दिया था। उन्होंने कहा कि तुर्की और यूनान के बीच इप्साला सीमा से ये शव बरामद हुए। मृतकों के पैर में जूते भी नहीं थे और वे 'निर्वस्त्र थे। मंत्री ने और विवरण नहीं दिया, लेकिन यूनान सीमा रक्षकों पर ''क्रूरता'' और यूरोपीय संघ (ईयू) पर यूनान के प्रति नरम रुख रखने का आरोप लगाया। तुर्की यूनान पर यूरोप जाने के इच्छुक शरणार्थियों को अवैध रूप से वापस भेजने का आरोप लगाता रहा है। यूनान ने आरोप से इनकार किया है। यूरोपीय संघ के देशों में बेहतर जीवन की तलाश में मध्य पूर्व, एशिया और अफ्रीका के शरणार्थियों के लिए तुर्की एक प्रमुख 'क्रॉसिंग पॉइंट' है। अधिकतर लोग या तो उत्तर-पूर्वी भूमि सीमा पार करके या पूर्वी एजियन सागर द्वीपों की ओर जाने वाली नौकाओं के जरिए यूनान में प्रवेश करने की कोशिश करते हैं।

# रुसी सेना से लोहा लाने को तैयार यूक्रेनवासी

खारकीव (ईएमएस)। यूक्रेन पर रूस का आक्रमण होने की सूरत में लोग हर हाल में देश की रक्षा करने और छापामार युद्ध करने की योजना तैयार कर रहे हैं। यूक्रेन की सीमा पर जहां रूस के हजारों सैनिक इकट्ठा हैं, वहां से केवल 40 किलोमीटर दूर है, खारकीव शहर है। यह यूक्रेन का दूसरा सबसे बड़ा शहर और औद्योगिक केन्द्र है, यहां हालात तनावपूर्ण हैं। खारकीव शहर के लोगों की राय बंटी हुई है, कुछ यूक्रेन के पक्ष में हैं,तब वहीं कुछ रूस के पक्ष में।इनमें से कुछ रूस से डटकर मुकाबला करने,तब कुछ अपना जीवन शांति से बिताने की बात कहते हैं।

दस लाख से अधिक की आबादी वाले शहर के कुछ लोगों का कहना है कि अगर रूस आक्रमण करता है,तब वहां नागरिक का जीवन त्याग कर रूसी सैनिकों के खिलाफ छापामार युद्ध करने वाले है। उनका मानना है कि देश के बहुत से नागरिक यही रहने वाले है। इस शहर की रक्षा होनी चाहिए। हमें कुछ करने की जरूरत है,न कि डरने की और घुटने टेकने की।''

जानकारों और अमेरिकी खुफिया अधिकारियों का कहना है कि दंत चिकित्सकों, कोच,गृहणियों का इसतरह के शहर में छापामार युद्ध करना जहां जमीन के नीचे छिपने के लिए हजारों आश्रय स्थल हैं, रूसी सैन्य योजनकारों के लिए बुरा अनुभव साबित हो सकता है।

# संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अमेरिकी दबाव में नहीं झुका भारत

- भारत ने यूक्रेन सीमा पर होने वाली बैठक से पहले संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में प्रक्रियागत मतदान में भाग नहीं लिया

मास्को (ईएमएस)। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में यूक्रेन की स्थिति पर बैठक से पहले चीन के प्रक्रियागत मतदान के खिलाफ मत देने और इसमें भारत, केन्या एवं गैबॉन के अनुपस्थित रहने पर रूस ने मतदान से पहले अमेरिकी दबाव के बावजूद डटे रहने पर चारों देशों को शुक्रिया अदा किया। भारत ने यूक्रेन सीमा पर तनावपूर्ण हालात को लेकर चर्चा के लिए होने वाली बैठक से पहले संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में प्रक्रियागत मतदान में भाग नहीं लिया था। संयुक्त राष्ट्र में रूस के प्रथम उप स्थायी प्रतिनिधि दमित्रि पोलिंस्की ने संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत लिंडा थॉमस-ग्रीनफील्ड के एक ट्वीट के जवाब में ट्विटर पर लिखा ?कि जैसा हमने उम्मीद की थी, यह एक जनसंपर्क हथकंडे के अलावा और कुछ नहीं था। यह मेगाफोन डिप्लोमेसी का उदाहरण है। कोई सच्चाई नहीं, केवल आरोप और निराधार दावे। पोलिंस्की ने कहा ?कि यह अमेरिकी कूटनीति का सबसे खराब स्तर है। अपने चार सहयोगियों चीन, भारत, गैबॉन और केन्या का धन्यवाद, जो मतदान से पहले अमेरिकी दबाव के बावजूद डटे रहे। ग्रीनफील्ड ने कहा ?कि रूस की आक्रामकता केवल यूक्रेन और यूरोप के लिए खतरा नहीं है, बल्कि यह अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के लिए भी खतरा है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद पर इसे जिम्मेदार बनाने का दायित्व है। यदि पूर्व साम्राज्यों को बल से अपने क्षेत्र फिर से हासिल करना शुरू करने का लाइसेंस मिल जाए, तो दुनिया के लिए इसका क्या अर्थ होगा? यह हमें एक खतरनाक मार्ग पर ले जाएगा। उन्होंने ककि ?कि हम स्वयं पर संकट आने से रोकने के लिए यूएनएससी में इस मामले को लेकर आए। यह रूस की सद्भावना की परीक्षा होगी कि क्या वह वार्ता की मेज पर बैठेगा और तब तक बना रहेगा, जब तक हम किसी सहमति पर नहीं पहुंच जाते? अगर वह ऐसा करने से इनकार करता है, तो दुनिया को पता चल जाएगा कि इसके लिए कौन और क्यों जिम्मेदार है।

बैठक से पहले परिषद के स्थायी और वीटो- अधिकार प्राप्त सदस्य रूस ने यह निर्धारित करने के लिए एक प्रक्रियागत वोट का आह्वान किया था कि क्या खुली बैठक आगे बढ़नी चाहिए। अमेरिका के अनुरोध पर हुई बैठक के लिए परिषद को नौ मतों की आवश्यकता थी। रूस और चीन ने बैठक के खिलाफ मतदान किया, जबकि भारत, गैबॉन और केन्या ने भाग नहीं लिया। फ्रांस, अमेरिका और ब्रिटेन सहित परिषद के 10 अन्य सदस्यों ने बैठक के चलने के पक्ष में मतदान किया। बैठक में भारत ने रेखांकित किया कि शांत और रचनात्मक कूटनीति 'समय की आवश्यकता' है और अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के व्यापक हित में सभी पक्षों द्वारा तनाव बढ़ाने वाले किसी भी कदम से बचना चाहिए। यूक्रेन की सीमाओं के पास हजारों रूसी सैनिकों के एकत्र होने के बीच यूक्रेन संकट पर चर्चा करने के लिए 15 सदस्यीय परिषद ने बैठक की थी। मास्को की कार्रवाई ने यूक्रेन पर आक्रमण की आशंकाओं को बढ़ा दिया है। रूस ने इस बात से इनकार किया कि वह हमले की योजना बना रहा है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि टी एस तिरुमूर्ति ने परिषद में कहा कि नई दिल्ली यूक्रेन से संबंधित घटनाक्रम पर बारीकी से नजर रख रही है। तिरुमूर्ति ने कहा ?कि भारत का हित एक ऐसा समाधान खोजने में है जो सभी देशों के वैध सुरक्षा हितों को ध्यान में रखते हुए तनाव को तत्काल कम कर सके और इसका उद्देश्य क्षेत्र तथा उसके बाहर दीर्घकालिक शांति और स्थिरता हासिल करना हो। तिरुमूर्ति ने कहा कि यूक्रेन के सीमावर्ती इलाकों समेत उस देश के विभिन्न ?हिस्से में 20,000 से अधिक भारतीय छात्र और नागरिक पढ़ते एवं रहते है। उन्होंने कहा ?कि भारतीय नागरिकों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है।

# शेयर बाजार उछाल के साथ बंद

मुंबई (ईएमएस)। मुम्बई शेयर बाजार में बुधवार को भी तेजी जारी रही। सप्ताह के तीसरे ही कारोबारी दिन दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही बैंकिंग एवं वित्तीय कंपनियों के शेयरों में भारी खरीददारी होने से बाजार ऊपर आया है। दिन भर के कारोबार के बाद बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स कारोबार के अंत में 695.76 अंक करीब 1.18 फीसदी बढ़कर 59,558.33 अंक पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार एनएसई का 50 शेयरों वाला निफ्टी भी 203.15 अंक तकरीबन 1.16 फीसदी की बढ़त के साथ ही 17,780.00 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से इंडसइंड बैंक के शेयर सबसे ज्यादा पांच फीसदी तक ऊपर आये हैं, उसके साथ ही अलावा बजाज फिनसर्व, एचसीएल, बजाज फाइनेंस, कोटक महिंद्रा बैंक और एक्सिस बैंक के शेयरों में भी बढ़त आयी है।

वहीं दूसरी ओर टेक महिंद्रा, नेस्ले इंडिया, मारुति सुजुकी और एलएंडटी के शेयर नुकसान में रहे। सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में से 21 के शेयर लाभ में रहे जबकि नौ गिरे हैं। बाजार जानकारों के अनुसार साल 2022-23 के लिए मंगलवार को पेश बजट में ढांचागत विकास के लिए आवंटन बढ़ाने से आर्थिक तेजी को बल मिला है। दूसरी ओर देश की दूसरी सबसे बड़ी हाउसिंग फाइनेंस कंपनी एचडीएफसी ने बुधवार को अपने तीसरी तिमाही के परिणा घोषित किये। इसके मुताबिक वित्त वर्ष 2021-22 की तीसरी तिमाही में एचडीएफसी का लाभ सालाना आधार पर 11.4 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ ही 3,260.7 करोड़ रुपये रहा है। देश की दिग्गज ऑटोमोबाइल कंपनी टाटा मोटर्स ने बताया है कि जनवरी 2022 में उसकी कुल बिक्री में सालाना आधार पर 27 फीसदी की बढ़त दर्ज की गयी है।

# दोपहिया वाहनों की घरेलू बिक्री जनवरी में 21 प्रतिशत घटी

मुंबई (ईएमएस)। देश में दोपहिया वाहनों की घरेलू बिक्री सालाना आधार पर जनवरी, 2022 में 21 प्रतिशत घट गई। रेटिंग एजेंसी ने इसकी जानकारी दी है। रेटिंग एजेंसी के बयान में कहा कि यह संख्या छह प्रमुख मूल उपकरण निर्माताओं (ओईएम) द्वारा जारी आंकड़ों पर आधारित है।जनवरी में सालाना आधार पर दोपहिया वाहनों की घरेलू बिक्री में कमी का कारण कीमतों में वृद्धि, ईंधन मुद्रास्फीति और ओमीक्रोन है। उन्होंने कहा कि कोरोना की तीसरी लहर को रोकने लिए स्थानीय प्रतिबंधों से खुदरा बिक्री प्रभावित हुई है, और प्रीमियम मोटरसाइकिलों के उत्पादन में आपूर्ति श्रृंखला में दिक्कतें अभी भी बनी हुई है।

जानकारों ने कहा कि इन कारणों से जनवरी में दोपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री पिछले माह की तुलना में घटकर 10.2 लाख इकाई की रह गई।वहीं सालाना आधार पर इसमें 14 प्रतिशत की कमी आई है।बिक्री की तुलना में अफ्रीकी और लैटिन अमेरिका क्षेत्रों से स्थिर मांग उद्योग के लिए आशा की किरण बनी हुई है। जनवरी, 200 में देश से 3.5 लाख से अधिक दोपहिया वाहनों का निर्यात किया गया। दिसंबर, 2021 की तुलना में इसमें तीन प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

# घरेलू रेटिंट एजेंसी ने जीडीपी के 7.8 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान जताया

मुंबई (ईएमएस)। घरेलू रेटिंट एजेंसी ने वित्त वर्ष 2022-23 में देश के वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान जताया है, जबकि आर्थिक समीक्षा में इसके 8.5 प्रतिशत रहने की संभावना है।साथ ही एजेंसी ने मनरेगा के आवंटन में कटौती पर भी सवाल उठाया है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा मंगलवार को पेश बजट 2022-23 में सार्वजनिक खर्च बढ़ाने और राजकोषीय मजबूती की दिशा में प्रयासों को धीमा करने पर सही दिशा में उठाया गया कदम है।इसके बावजूद भारत के आर्थिक परिदृश्य से जुड़े जोखिम अब भी बरकरार हैं। ऐसी स्थिति में वर्ष 2022-23 में जीडीपी वृद्धि थोड़ी धीमी होकर 7.8 प्रतिशत ही रहने का अनुमान है। चालू वित्त वर्ष में इसके 9.2 प्रतिशत रहने की संभावना है।''

रिपोर्ट के मुताबिक, इस साल वैश्विक वृद्धि में सुस्ती आ सकती है क्योंकि बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में मौद्रिक एवं राजकोषीय प्रोत्साहन वाले उपाय वापस लिए जाने की संभावना है। इसका भारत की वृद्धि संभावनाओं पर सीधा असर पड़ेगा क्योंकि महामारी के दौरान घरेलू वृद्धि का एक अहम कारक निर्यात रहा है। इसके अलावा कच्चे तेल के दामों में भी भू-राजनीतिक तनाव से तेजी का रुख बना रह सकता है,इससे भारत के आयात बिल में बढ़ोतरी होने की आशंका है।एजेंसी ने ब्रेंट क्रूड के इस साल औसतन 85 डॉलर प्रति बैरल पर रहने का अनुमान जताया है, जबकि वर्ष 2021 में इसका औसत स्तर 70.44 डॉलर प्रति बैरल रहा। क्रिसिल ने कहा कि वैश्विक आपूर्ति शृंखला से जुड़े गतिरोधों में थोड़ी राहत मिलने पर भी सेमीकंडक्टर जैसे अहम कच्चे माल की किल्लत दूर होने में अभी वक्त लगेगा।

# सोने, चांदी में आई गिरावट

नई दिल्ली (ईएमएस)। घरेलू बाजार में सोने , चांदी की कीमतें गिरी हैं। दिल्ली सर्राफा बाजार में बुधवार को 10 ग्राम सोने की कीमतें 47,837 रुपये हो गई है जबकि एक किलो चांदी 61,477 रुपये में आई है। सोने के दाम 125 रुपये प्रति 10 ग्राम की कमी के साथ 47,837 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुए जबकि पिछले कारोबारी सत्र के दौरान सोना 47,962 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। वहीं दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी की कीमतें 339 रुपये की गिरावट के साथ ही 61,477 रुपये प्रति किग्रा पर रहीं जबकि गत कारोबारी सत्र में चांदी 61,816 रुपये प्रति किग्रा पर रही थी।

# बैटरी की अदला-बदली नीति सरकार की भागीदारी बिना संभव नहीं: विशेषज्ञ

वाशिंगटन (ईएमएस)। भारत की प्रस्तावित बैटरी अदला-बदली नीति दिलचस्प है लेकिन सरकार के समर्थन के बिना इसे सफल कर पाना संभावना नहीं है क्योंकि प्रमुख कार कंपनियां अपनी बैटरी संबंधी प्रौद्योगिकी को साझा नहीं करती हैं। ऑटोमोटिव उद्योग के एक विशेषज्ञ ने यह बात कही है। भारत में इलेक्ट्रिक वाहन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए एक बड़े कदम में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को 39.45 लाख करोड़ रुपए के बजट पेश किया। वित्त मंत्री ने बजट पेश करने के दौरान कहा कि सरकार चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के लिए जगह की कमी को देखते हुए देश में इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए बैटरी की अदला-बदला नीति लाएगी। नई नीति पर प्रतिक्रिया देते हुए ऑटोमोटिव उद्योग के विशेषज्ञ और कॉर्नेल यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ इंडस्ट्रियल एंड लेबर में श्रम अध्ययन के निदेशक आर्थर व्हीटन का कहना है ?कि बैटरी की अदला-बदला नीति का विचार दिलचस्प है, लेकिन सरकार की बड़ी भागीदारी के बिना यह संभव नहीं है। उन्होंने कहा ?कि प्रमुख कार कंपनियां बैटरी से जुड़ी अपनी तकनीक को साझा नहीं करती हैं और विनिमेय बैटरियों का मतलब होगा कि देश भर में बहुत सारी निरर्थक बैटरी प्रभावी होंगी। इसी को लेकर महिंद्रा एंड महिंद्रा के कार्यकारी निदेशक राजेश जेजुरिकर ने कहा कि केंद्रीय बजट 2022-23 में वित्त मंत्री द्वारा स्थायी गतिशीलता की शुरुआत करने के लिए तैयार की गई रुपरेखा भारत में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी अपनाने को बढ़ावा देगा।

# सरकार का सब्सिडी खर्च घटा, 2022-23 में 3.17 लाख करोड़ सब्सिडी

मुंबई (ईएमएस)। चालू वित्त वर्ष में खाद्य, उर्वरक और पेट्रोलियम पर सरकार की सब्सिडी में 39 प्रतिशत कम होकर 4,33,108 करोड़ रुपए रह सकती है। बजट दस्तावेजों में यह अनुमान लगाया गया है। अगले वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान सब्सिडी खर्च 27 प्रतिशत घटकर 3,17,866 करोड़ रुपए रहने का अनुमान है।वित्त वर्ष 2021-22 के अपने संशोधित बजट अनुमान में सरकार ने 7,07,707 करोड़ रुपए के वास्तविक बजट अनुमान के मुकाबले कुल सब्सिडी खर्च 4,33,108 करोड़ रुपए रहने का अनुमान लगाया था। इसमें से चालू वित्त वर्ष में खाद्य सब्सिडी 2,86,469 करोड़ रुपए रहने का अनुमान है। इस अवधि में पेट्रोलियम सब्सिडी 38,455 करोड़ रुपए से घटकर 6,517 करोड़ रुपए रहने का अनुमान है। हालांकि, चालू वित्तवर्ष के दौरान उर्वरक सब्सिडी बढ़कर 1,40,122 करोड़ रुपए होने का अनुमान है, जो पिछले वित्त वर्ष में 1,27,922 करोड़ रुपए थी। सरकार ने कहा कि अगले 2022-23 के वित्त वर्ष के लिए कुल सब्सिडी चालू वित्त वर्ष के 4,33,108 करोड़ रुपए से घटकर 3,17,866 करोड़ रुपए रहने का अनुमान है। इसमें से उर्वरक सब्सिडी 25 प्रतिशत घटकर वर्ष 2022-23 के दौरान 1,05,222 करोड़ रुपए खाद्य सब्सिडी 28 प्रतिशत घटकर 2,06,831 रुपए रहने का अनुमान है। वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान पेट्रोलियम सब्सिडी 11 प्रतिशत घटकर 5,813 करोड़ रुपए रहने का अनुमान है।

# तालिबान की पाकिस्तान को दो टूक, भारत से रिश्ते खराब नहीं करेगा

काबुल (ईएमएस)। अफगानिस्तान की यात्रा पर गए पाकिस्तान के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मोइद यूसुफ को तालिबानी सरकार ने भारत को लेकर दो टूक संदेश दे दिया है। तालिबान ने पाकिस्तान से कहा कि वह भारत सहित पूरे इलाके के देशों के साथ अच्छे रिश्ते बनाना चाहता है।इतना ही नहीं एक देश के अनुरोध पर दूसरे देश के साथ अपने रिश्ते खराब नहीं करेगा। साथ ही तालिबान ने उन सभी अटकलों को खारिज कर दिया जिसमें कहा जा रहा था कि पाकिस्तानी अनुरोध पर तालिबान भारत के साथ दोस्ताना रिश्ते नहीं रखेगा।

इसके पहले पाकिस्तानी एनएसए ने अफगान यात्रा से ठीक पहले पाकिस्तान में टीटीपी को बढ़ावा देने के लिए भारत के खिलाफ निराधार आरोप लगाए थे। तालिबान प्रवक्ता और उप सूचना और संस्कृति मंत्री जबीउल्ला मुजाहिद ने कहा कि वे पाकिस्तान और भारत दोनों के ही साथ अच्छे रिश्ते बनाना चाहते हैं। उन्होंने उन अटकलों पर भी विराम लगा दिया जिसमें कहा जा रहा था कि पाकिस्तान के अनुरोध पर तालिबान भारत के साथ दोस्ताना रिश्ते नहीं बनाएगा। मुजाहिद ने कहा कि यह समय पड़ोसी देशों के साथ रिश्ते बेहतर बनाने का है। तालिबानी प्रवक्ता ने दावा किया कि भूतकाल में पाकिस्तान के साथ इसकारण अच्छे रिश्ते नहीं बने, क्योंकि दुष्प्रचार के कारण अधिकारी नहीं चाहते थे। उन्होंने पाकिस्तान से अनुरोध किया कि वे क्षेत्र के अन्य देशों के साथ समृद्धि के रास्ते पर आगे बढ़ें। इससे पहले पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने कहा था कि तालिबान सरकार डूरंड लाइन पर चीजों को सुचारू करने के लिए पाकिस्तान के साथ समन्वय करने को तैयार हो गई है।

डूरंड लाइन पर हाल ही में ही दोनों ही ओर से गोलाबारी हुई थी और काफी तनाव बढ़ गया था।इस तनाव को कम करने और तालिबान को मनाने के लिए पाकिस्तान के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अफगानिस्तान गए थे। बता दें कि भारत तालिबान सरकार आने के बाद भी अफगान जनता के लिए लगातार मदद कर रहा है। भारत ने काबुल में बच्चों के अस्पताल के लिए दवाएं भेजी हैं और अब हजारों टन गेहूं भेजने जा रहा है। यह गेहूं पाकिस्तान के रास्ते काबूल जाएगा। भारत ने साल 2022 के लिए बजट में 200 करोड़ का प्रावधान अफगानिस्तान के लिए किया है।

# क्वीटो में बारिश के बाद भूस्खलन में कम से कम 24 लोगों की मौत

क्वीटो (ईएमएस)। इक्वाडोर की राजधानी में भारी बारिश को बाद पहाड़ी के ढहने से कम से कम 24 लोगों की मौत हुई। क्वीटो सुरक्षा विभाग ने बताया कि कम से कम 48 और लोग घायल हुए हैं। करीब 24 घंटे हुई बारिश के कारण देर रात पहाड़ी के ढहने के बाद बहकर आए कीचड़ में आठ मकान गिरे और कई अन्य क्षतिग्रस्त हो गए। प्राधिकारियों ने 12 लोगों के लापता होने की भी जानकारी दी है।

प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि उस लगा कि उसका घर इसतरह हिल रहा है,जैसे भूकंप आया हो और फिर अचानक दरवाजों एवं खिड़कियों के जरिए कीचड़ भरा पानी आना शुरू हो गया। प्रत्यक्षदर्शी ने कहा, मैं अपने चार वर्षीय बच्चे का हाथ पकड़कर मुश्किल से सीढ़ियों की ओर भागी और छत पर चढ़ गई। अचानक दीवारें गिरने लगीं। हमने पहली मंजिल पर पड़ोसियों के लिए चिल्लाना शुरू किया, लेकिन पानी उसमें रह रही एक मां और बेटी को बहा कर ले गया।उसने कहा,मुझे लगा था कि मैं अपने बेटे के साथ मरने वाली हूं, हम बमुश्किल ही बच पाए।

# एंड्राइड यूजर्स सारा डेटा और बैंक डिटेल्स चुरा रहा वायरस ब्राटा

लंदन (ईएमएस)। खतरनाक वायरस ब्राटा का नया वेरिएंट सामने आया है। जो एंड्राइड यूजर्स के स्मार्टफोन का सारा डेटा और उनके बैंक डिटेल्स चुरा रहा है।साथ ही वायरस फोन की फैक्ट्री डाटा रिसेट भी कर रहा है।व्हाट्सएप जैसे मैसेजिंग एप पर भी मैसेज भेजकर अपने जाल में फंसा रहा है। कई युवा यूजर्स को एंटी स्पैम एप को डाउनलोड करने के लिए भी लिंक भेजा गया है, जो कि वास्तविक में एक प्रकार का स्पैम ही होता है।

क्या है ब्राटा वायरस ये एक रिमोट एक्सेस ट्रोजन है यानी एक तरह का वायरस है जो यूजर्स के स्मार्टफोन में घुस जाता है। इसके बाद यह वायरस यूजर का डाटा चुराकर बैंकिंग डिटेल एकत्र करता है। बता दें कि यह ट्रोजन नया नहीं है।इस पहली बार 2019 में साइबर सुरक्षा कंपनी केसपियर द्वारा एंड्राइड आरएटी( रिमोट एक्सेस टूल ) के रूप में देखा गया था। अब यह ट्रोजन अपडेट हो गया है।

रिपोर्ट के अनुसार इस बैंकिंग ट्रोजन के कुल तीन वेरिएंट हैं। ब्राटा ए जिसमें एक ऐसा ट्रैकिंग जीपीएस फीचर था जो फोन की फैक्ट्री को रिसेट कर देता था।इस वेरिएंट का एक और एडवांस वेरिएंट है, ब्राटा बी जिससे कई बैंक के डिटेल निकालना काफी आसान है। जबकि इसका तीसरा वेरिएंट स्मार्टफोन पर मॉलवेयर भेजने का काम करता है। ये वेरिएंट एक दूसरा एप इंस्ट्रॉल करता है और मॉलवेयर पहले एप का इस्तेमाल करता है, जिसे यूजर ने डाउनलोड किया होता है। ब्राटा मॉलवेयर को सबसे पहले साल 2019 में देखा गया था। अब इसके एक नए वैरिएंट को देखा गया है। फिलहाल ये वायरस ब्राजील, यूके, पोलैंड, स्पेन, चीन और लैटीन अमेरिका में सक्रिय है। ब्राटा जैसे और फिर कई ऐसे वायरस भी हैं जो भारत में एक्टिव हैं।

# यूएई के बाद अब बहरीन में भी बनेगा स्वामीनारायण का भव्य मंदिर

- जमीन देने के लिए प्रधानतमंत्री नरेंद्र मोदी ने सरकार को दिया धन्यवाद

दुबई (ईएमएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बहरीन के प्रधानमंत्री सलमान बिन हमद अल खलीफा से बात की और इस दौरान उन्होंने दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की तथा राजनीतिक, व्यापार और निवेश सहित विभिन्न क्षेत्रों में संबंधों में लगातार हुई प्रगति पर संतोष जताया। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) से जारी एक बयान के मुताबिक, दोनों नेताओं की फोन पर हुई इस बातचीत के दौरान प्रिंस खलीफा ने भारत के गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं भी दीं। पीएमओ के मुताबिक दोनों नेताओं ने भारत और बहरीन के द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की और इस बात पर संतोष जताया कि राजनीतिक, व्यापार और निवेश, ऊर्जा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और लोगों के बीच आपसी संपर्क सहित विभिन्न क्षेत्रों में संबंधों में लगातार प्रगति देखी गई है। भारत और बहरीन के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना का दोनों देश वर्ष 2021-22 में स्वर्ण जयंती मना रहे हैं। पीएमओ के मुताबिक प्रधानमंत्री ने कोविड-19 महामारी के दौरान बहरीन में रहने वाले भारतीय समुदाय के लोगों का बहुत अच्छे से खयाल रखने के साथ ही उनकी सामाजिक और सांस्कृतिक जरूरतों को पूरा करने के लिए बहरीन के नेतृत्व के प्रति आभार जताया। इस बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने बहरीन के सुल्तान हमद बिन ईसा अल खलीफा को शुभकामनाएं प्रेषित कीं और प्रधानमंत्री सलमान बिन हमद अल खलीफा को भारत आने का निमंत्रण भी दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी ट्वीट कर इस बातचीत की जानकारी दी। उन्होंने ट्विटर पर लिखा ?कि क्राउन प्रिंस और बहरीन के प्रधानमंत्री एचआरएच प्रिंस सलमान बिन हमद अल खलीफा के साथ गर्मजोशी से बातचीत की।

स्वामीनारायण मंदिर के लिए भूमि आवंटन पर हाल के निर्णय सहित भारतीय समुदाय की जरूरतों पर देश के ध्यान के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। मंदिर का निर्माण बहरीन में रहने वाले भारतीय नागरिकों के लिए अच्छी खबर है। इससे पहले दुबई और अबू धाबी में भी मंदिर निर्माण चल रहा है। संयुक्त अरब अमीरात में भारतीयों की बड़ी आबादी रहती है। इसमें बड़ी संख्या हिंदुओं की भी है जो काम या पढ़ाई के सिलसिले में दुबई जैसे शहरों में रहते हैं। हिंदुओं के लिए आने वाले कुछ महीनों में दुबई में एक भव्य मंदिर बनकर तैयार हो जाएगा जिसका निर्माण कार्य करीब 50 फीसदी तक पूरा हो गया है। यह मंदिर दुबई में बन रहा है और इसका शिलान्यास 29 अगस्त 2020 को हुआ था। अब इस मंदिर का ढांचा आकार लेने लगा है। निर्माण के बारे में अपडेट देने के लिए मंदिर प्रबंधन ने पिछले साल एक वीडियो जारी किया था। स्वामीनारायण संस्था संगठन 450 दिरहम यानी करीब 888 करोड़ रुपए की लागत से यह मंदिर निर्माण करा रहा है। संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी अबू धाबी में एक हिंदू मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। यह पत्थरों से निर्मित यूएई का पहला पारंपरिक मंदिर होगा। बीएपीएस हिंदू मंदिर अबू धाबी प्रोजेक्ट के सदस्यों का दावा है कि इस मंदिर की उम्र करीब 1000 साल है यानी एक हजार साल तक मंदिर मजबूती से खड़ा रहेगा। रिपोर्ट के मुताबिक मंदिर के निर्माण का पहला चरण पूरा हो चुका है।

# सऊदी करेगा अपने राष्ट्रगान और राष्ट्रीय ध्वज में बदलाव

दुबई (ईएमएस)। सऊदी अरब अपने राष्ट्रगान और राष्ट्रीय ध्वज में बदलाव करने की तैयारी में है। सऊदी अरब की सरकारी मीडिया के मुताबिक राज्य की गैर-निर्वाचित सलाहकार शूरा परिषद ने राष्ट्रगान और ध्वज में बदलाव के पक्ष में मतदान किया है। हालांकि, परिषद के फैसलों का मौजूदा कानूनों या संरचनाओं पर कोई असर नहीं दिखाता है। लेकिन,इसका फैसला इसकारण महत्वपूर्ण होता है, क्योंकि इसके सदस्य सऊदी के शाह (किंग) द्वारा नियुक्त किए जाते हैं और उनके फैसले अक्सर देश के शीर्ष नेतृत्व के साथ तालमेल के साथ चलते हैं। शूरा परिषद ने इस संबंध में विस्तृत जानकारी नहीं दी है। गौरतलब है कि सऊदी अरब के शहजादे मोहम्मद बिन सलमान के नेतृत्व में देश में कई क्षेत्रों में नए बदलाव और सुधार हो रहे हैं। उन्हें इसके लिए अपने पिता शाह सलमान का पूरा समर्थन मिल रहा है। शहजादाएक राष्ट्रीय-सांस्कृतिक पहचान के साथ इस्लाम को प्रतिस्थापित करते हुए सऊदी अरब की पहचान को फिर से परिभाषित करने का प्रयास कर रहे हैं, जो पूरी तरह से धर्म द्वारा परिभाषित नहीं है।

# गिनी बिसाऊ के राष्ट्रपति ने कहा- देश में फिर से हो गई शांति स्थापित

बिसाऊ (ईएएमएस)। गिनी बिसाऊ में बुधवार को तख्तापलट की स्पष्ट कोशिश के तहत सरकारी भवन के आस-पास भारी गोलीबारी की गई, बहरहाल राष्ट्रपति उमारो सिसोको एम्बालो ने बाद में कहा कि पश्चिम अफ्रीकी देश में शांति फिर से स्थापित हो गई है। एम्बालो ने अपने फेसबुक पेज पर अपनी एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें वह चमड़े की एक कुर्सी पर बैठे नजर आ रहे हैं और उनके पीछे गिनी बिसाऊ का झंडा है। हमले पर सरकार की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। यह भी स्पष्ट नहीं है कि गतिरोध किस प्रकार समाप्त हुआ। इससे पहले बुधवार को सरकारी प्रसारणकर्ता ने जानकारी दी थी कि हमलावर भवन में अधिकारियों को हिरासत में ले रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि काफी देर तक, भारी गोलीबारी हुई। 15 सदस्यों वाले पश्चिम अफ्रीका देशों के आर्थिक समुदाय (ईसीओडब्ल्यूएएस) ने मंगलवार की हिंसा को तख्तापलट की कोशिश बताया और कहा कि वह गहरी चिंता के साथ बिसाऊ में स्थिति पर नजर रख रहा है। ईसीओडब्ल्यूएएस और पुर्तगाल ने तख्तापलट की इस कोशिश की निंदा की है। सेना के एक पूर्व जनरल एम्बालो को दिसंबर 2019 के चुनाव में विजेता घोषित किया गया था। हालांकि, चुनाव परिणाम का उनके प्रतिद्वंद्वी डोमिंगोस सिमोएस परेरा ने विरोध किया था। एम्बालो ने तब सेना के समर्थन से नई सरकार का गठन किया था, जबकि चुनाव परिणाम को दी गई चुनौती का मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। 1974 में पुर्तगाल से आजादी के बाद से गिनी बिसाऊ में चार बार तख्तापलट हुआ है और एक दर्जन से अधिक बार इसकी कोशिश की गई है।

# नौकरी पाने शख्स ने टैलेंट का दिया गजब नमूना

-अजीबोगरीब हरकत से खींचा कंपनी का ध्यान

यॉर्कशायर (ईएमएस)। ब्रिटेन के एक शख्स ने नौकरी पाने के लिए टैलेंट का गजब का नमूना दिया है। उसने ऐसी सीवी बनाया जिसे देखकर हर कोई दंग रह गया। उससे भी ज्यादा ये कि शख्स ने कंपनी के कर्मचारियों की नजरों में आने के लिए बहुत ही शानदार तरीका अपनाया। इंग्लैंड के यॉर्कशायर में प्रिंटिंग कंपनी इंस्टैंट प्रिंट के मार्केटिंग विभाग में नौकरी निकली थी। इसके लिए कई लोगों ने अप्लाई किया मगर 24 साल के जॉनथन स्विफ्ट ने जो तरीका खोजा, वो सबसे अलग था।

जॉनथन ने कंपनी के पुराने पैंफ्लेट को रिसाइकल करवाकर उसे अपना जॉब एपलिकेशन बना दिया। उसमें उसने अपनी लिंक्डिन डीटेल्स डालीं और कंपनी के कार पार्किंग में घुस गया। इसके बाद जॉनथन ने हर कार पर इस फ्लायर को डाल दिया। कंपने के मार्केटिंग मैनेजर क्रेग वैसेल इस पोजीशन के लिए लोगों को हायर कर रहे थे। उन्हें जब सिक्योरिटी गार्ड्स ने इस बारे में बताया तो वो दंग रह गए। उन्होंने अपने ऑफिस की खिड़की से देखा तो उन्हें जॉनथन पैंफ्लेट डालते नजर आए। जब क्रेन ने पेपर देखा तो उन्हें जॉनथन का खुद की मार्केटिंग का ये तरीका काफी पसंद आया। इसके बाद उन्होंने तुरंत ही जॉनथन को इंटरव्यू के लिए बुला लिया। क्रेन ने जॉनथन का एक सीसीटीवी वीडियो भी ट्विटर पर शेयर किया जिसमें वो एक-एक कार के पास जाकर पेपर रखते नजर आ रहे हैं। आपको बता दें कि जॉनथन की इस गजब की तरकीब ने कंपने के सभी कर्मचारियों का ध्यान उसकी ओर खींच लिया।

इस नौकरी के लिए 140 लोगों ने सीवी भेजा था मगर जॉनथन को उनके आइडिया के कारण ये नौकरी मिल गई और उन्होंने जनवरी की शुरुआत में ही इस पोस्ट के लिए नौकरी शुरू कर दी है। मालूम हो कि नौकरी पाने के लिए जितना जरूरी आपके अंदर का टैलेंट और मेहनत करने की क्षमता है, उतना ही जरूरी आपका जॉब एप्लिकेशन होता है। एक अच्छा रेज्युमे आपको नौकरी दिलाने में मदद ही नहीं करता, आपके बारे में सकारात्मक बातें भी कंपनी को बताता है।

# गुजरात में कोरोना के 8934 नए मरीज, 15177 ठीक होकर घर लौटे, 34 मरीजों की मौत

अहमदाबाद (ईएमएस) बुधवार को गुजरात में कोरोना के 8934 नए मामले सामने आए हैं, वहीं 15177 लोगों को ठीक होने के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया इस दौरान राज्य में 34 मरीजों की कोरोना से मौत हो गई दूसरी ओर आज राज्यभर में 2.73 लाख से अधिक लोगों का वैक्सीनेशन किया गया स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक पिछले 24 घंटों में सबसे अधिक 3309 कोरोना पॉजिटिव केस अहमदाबाद कॉर्पोरेशन में दर्ज हुए हैं वडोदरा कॉर्पोरेशन में 1512, वडोदरा में 409, राजकोट कॉर्पोरेशन में 320, गांधीनगर कॉर्पोरेशन में 279, सूरत कॉर्पोरेशन में 265, सूरत में 248, मेहसाणा में 227, कच्छ में 224, भरूच में 222, पाटन में 189, राजकोट में 158, गांधीनगर में 152, बनासकांठा में 146, आणंद में 142, खेडा में 129, भावनगर कॉर्पोरेशन में 97, साबरकांठा में 95, मोरबी में 94, वलसाड में 86, जामनगर कॉर्पोरेशन में 81, नवसारी में 78, पंचमहल में 62, अहमदाबाद में 59, तापी में 55, अमरेली में 53, सुरेन्द्रनगर में 33, दाहोद में 32, गिर सोमनाथ में 32, गिरसोमनाथ में 32, जूनागढ़ में 30, डांग में 17, जामनगर में 17, जूनागढ़ कॉर्पोरेशन मं 14, अरवल्ली में 13, छोटाउदेपुर में 12, नर्मदा में 11, भावनगर में 8, महीसागर में 8, देवभूमि द्वारका में 7, पोरबंदर में 5 और बोटाद में 4 समेत राज्यभर में कोरोना के कुल 8934 मामले पिछले 24 घंटों में सामने आए हैं इस दौरान अहमदाबाद में 10 समेत राज्यभर में 34 मरीजों की कोरोना से मौत हो गई राज्य में अब तक 10545 लोगों को कोरोना निगल चुका हैं पिछले 24 घंटों में 15177 लोगों को डिस्चार्ज किए जाने के साथ ही राज्य में अब तक कोरोना से ठीक होनेवालों की संख्या 1098199 हो गई हैं फिलहाल राज्य में 69187 एक्टिव केसों में 68941 स्टेबल हैं और 246 मरीज वेन्टीलेटर पर हैं गुजरातभर में आज 273064 नागरिकों का टीकाकरण किया गया जिसमें 36 हेल्थ केयर वर्कर और फ्रंट लाइन वर्कर को पहला और 784 को कोरोना का दूसरा डोज दिया गया 45 वर्ष से अधिक आयु के 6476 को कोरोना का पहला और 15785 लोगों को दूसरा टीका लगाया गया 18 से 45 वर्ष से आयु वर्ग के 25614 को पहली और 65796 लोगों को कोविड की दूसरी वैक्सीन दी गई वहीं 15 से 18 वर्षीय 20004 किशोरों को पहला और 97885 को कोरोना का दूसरा टीका दिया गया इसके अलावा 40685 नागरिकों को बुस्टर डोज दिया गया राज्य में अब तक 9 करोड़ 86 लाख 55 हजार 466 नागरिकों को वैक्सीनेट किया जा चुका हैं

# सरकारी राशन के दुकानदारों के कमीशन में रु. 1.92 से रु. 125 का इजाफा

अहमदाबाद (ईएमएस) गुजरात में सरकारी राशन की दुकानों के संचालकों यानी पंडित दीनदयाल उपाध्याय भंडार के संचालकों के कमीशन में इजाफा करने का मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने फैसला किया हैं 1 जनवरी से सरकारी राशन के दुकानदारों के कमीशन में रु. 1.92 से रु. 125 की वृद्धि की गई हैं राज्य सरकार के प्रवक्ता जीतु वाघाणी ने मुख्यमंत्री के फैसले की जानकारी देते हुए बताया कि सरकारी राशन के दुकान संचालकों के एसोसिएशन और विभिन्न पदाधिकारियों की कमीनशन में मांग को लेकर अनेकों बार पेशकश की गई हैं जिसे ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने दुकान संचालकों के कमीशन में वृद्धि करने का फैसला किया हैं सरकार के इस फैसले से पारदर्शिता आएगी और दुकान संचालकों के मिलने वाले कमीशन में वृद्धि होगी वाघाणी ने बताया कि खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति नरेश पटेल के मार्गदर्शन में नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता विभाग के जरिए राज्य में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून के अंतर्गत फिलहाल कुल 70 लाख राशन कार्ड धारकों और 3 करोड़ 45 लाख आबादी को प्रति महीने करीब 17000 से ज्यादा उचित मूल्य की दुकानों से गेहूं, चावल, तूर दाल, चीनी, आयोडाइज्ड नमक और वर्ष में दो दफा रिफाइंड कपासिया तेल का वितरण किया जाता हैं इस वितरण व्यवस्था का राज्य सरकार द्वारा एनआईसी द्वारा विकसित सॉफ्टवेयर के जरिए संपूर्ण कंप्यूटरीकृत पद्धति से अमलीकरण होता हैं उन्होंने कहा कि 1 जनवरी से 2022 से सरकारी राशन के दुकानदारों को प्रति क्विंटलर गेहूं और चावल पर अब रु. 42 के बजाए रु. 150 मिलेंगे इसी प्रकार तूर दाल प्रति पाउच/किलो पर रु. 1.92 के बजाए रु. 3, प्रति क्विंटल चीनी पर रु. 90 के बजाए रु. 150, प्रति क्विंटल नमक रु. 125 के बजाए रु. 150 और खाद्यतेल प्रति पाउच/किलो रु. 3 के बजाए 5 रुपए कमीशन मिलेगा जीतु वाघाणी ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल के नेतृत्व में राज्य सरकार ने उचित मूल्य के दुकानदारों की लंबी समय से की जा रही मांग का आज समाधान कर दिया हैं राज्य सरकार के इस फैसले के चलते जारी वर्ष का संभावित खर्च रु. 31 करोड़ और आगामी वर्ष 2022-23 के वार्षिक खर्च में रु. 130 करोड़ का इजाफा होने की संभावना हैं

## पुलिस ने उसका सामना मुख्य आरोपी से कराया

# किशन भरवाड हत्याकांड के आरोपी का झूठ पकड़ा गया

## मौलाना ने पुलिस से कहा-मैं शब्बीर को नहीं जानता, तभी शब्बीर आकर बोल पड़ा कि मौलाना साहब सलाम

अहमदाबाद, २ फरवरी।

गुजरात के किशन भरवाड हत्याकांड में गिरफ्तार मौलाना का झूठ तब पकड़ा गया, जब पुलिस ने उसका सामना मुख्य आरोपी से कराया।

एटीएस ने मंगलवार शाम मौलाना कमर गनी उस्मानी से पूछताछ की। इस दौरान उस्मानी ने मुख्य आरोपी शब्बीर को पहचानने से इनकार कर दिया, लेकिन उस्मानी उस समय फंस गया, जब शब्बीर उसे देखते ही बोल पड़ा- सलाम मौलाना साहब। शब्बीर के इतना कहते ही उस्मानी सकपका गया। इसके बाद पुलिस ने उम्मीनी को बताया कि उसके पास ऐसे काफी सबूत मौजूद हैं, जिनसे साफ है कि सोशल मीडिया के जरिए उसकी शब्बीर से कई बार बात हुई थी। किशन भरवाड हत्याकांड में अब तक ७ गिरफ्तारियां हो चुकी है। इनमें दो शार्प शूटर शब्बीर उर्फ शाबा चोपड़ा (२५) और इम्तियाज पठान (२७) को धंधुका से पकड़ा गया था, जबकि मौलवी अयूब जावरावाला को २७ जनवरी को अहमदाबाद से और मौलवी कमर गनी उस्मानी को ३० जनवरी को दिल्ली से अरेस्ट किया गया। वहीं, हथियार की खरीद-फरोख्त में शामिल तीन अन्य आरोपियों को मंगलवार को राजकोट से पकड़ा गया है। एटीएस से मिली जानकारी के अनुसार दिल्ली में रहने वाले मौलाना कमरगनी उस्मानी से शब्बीर का संपर्क सोशल मीडिया के जरिए हुआ था। सोशल मीडिया के जरिए ही इनकी अक्सर बातचीत हुआ करती थी। किशन भरवाड की हत्या की बात शब्बीर ने सबसे पहले उस्मानी से ही की थी। इसके बाद उस्मानी ने ही शब्बीर से अहमदाबाद के जमालपुर में रहने वाले मौलाना अयुब जावरावाला से मुलाकात करने को कहा था। मौलाना कमरगनी उस्मानी के कहने पर शब्बीर ने मौलाना अयुब से मुलाकात की थी। इस दौरान अयुब ने उससे कहा था कि वह २-४ दिनों में उसके लिए हथियार का इंतजाम कर देगा। इसके बाद मौलाना अयुब ने राजकोट में रहने वाले अजीम समा से संपर्क किया था। अयुब के कहने पर अजीम समा ने अपने दो साथियों की मदद से मौलाना तक पिस्टल और ५ कारतूस पहुंचाए थे।

# राज्य के एनएफएसए कार्डधारकों को 50 रुपए प्रति किलो मिलेगी तूर दाल

अहमदाबाद (ईएमएस) राज्य के एनएफएसए (राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम) के कार्डधारकों को लेकर गुजरात सरकार ने महत्वपूर्ण फैसला किया हैं मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल की सरकार ने एनएफएसए कार्डधारकों को अब प्रति किलो रु. 50 के दर तूर दाल मिलेगी राज्य सरकार के प्रवक्ता मंत्री जीतु वाघाणी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि आगामी महीने से तूर दाल का वितरण शुरू किया जाएगा, जिसका राज्य के करीब 70 लाख परिवारों को फायदा मिलेगा इस फैसले से गुजरात सरकार पर प्रति माह रु. 11 करोड़ का अतिरिक्त बोझ सब्सिडी स्वरूप पड़ेगा राज्य सरकार वार्षिक रु. 120 करोड़ का अतिरिक्त बोझ का वहन करेगी वाघाणी ने बताया कि उन्होंने कहा कि तूर दाल में राज्य सरकार अब तक रु. 30 की सब्सिडी का वहन करती थी लेकिन अब इसमें रु. 15 की वृद्धि कर रु. 45 सब्सिडी करने का फैसला किया गया हैं साथ ही प्रति किलो तूर दाल के दाम भी रु. 50 तय कर दिए हैं एनएफएसएल कार्डधारकों को अब प्रति किलो तूर दाल रु. 50 में उपलब्ध होगी

# मानसिक प्रताड़ना से तंग आकर स्कूल की शिक्षिका का आत्महत्या का प्रयास

अहमदाबाद (ईएमएस) मेहसाणा जिले के मेडा आदरज गांव की प्राथमिक शिक्षिका ने मानसिक प्रताड़ना से तंग आकर अहमदाबाद स्थित अपने निवास पर आत्महत्या का प्रयास किया शिक्षिका ने चार पन्नों की स्युसाइड नोट लिखा और बाद में अपने भाई को टेलीफोन पर आपबीती सुनाई, जिसके बाद उसने नींद की 20 गोलियां खा ली गंभीर हालत में शिक्षिका को अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं मेहसाणा जिले की कड़ी तहसील के चंदनपुरा गांव की जयश्रीबेन पोपटभाई पटेल मेडा आदरज गांव की प्राथमिक स्कूल में वर्ष 2011 से बतौर शिक्षिका कार्यरत हैं जयश्री पटेल स्कूल के स्टाफ की मानसिक प्रताड़ना से इतनी तंग आ गई कि मंगलवार को अहमदाबाद स्थित अपने निवास पर आत्महत्या का प्रयास किया जयश्री पटेल ने 4 पन्नों की स्युसाइड नोट लिखी और उसके बाद अपने भाई से फोन पर स्कूल के स्टाफ के बारे में शिकायत की स्युसाइड नोट में जयश्री पटेल ने लिखा कड़ी तहसी प्राथमिक शिक्षाधिकारी पुष्पा भील और मेडा आदरज प्राथमिक स्कूल के 2 शिक्षक और 9 शिक्षिका समेत 12 लोग उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे हैं जयश्री ने कहा कि ये सभी लोग मुझे काफी परेशान कर रहे हैं स्टाफ के लोग एकजुट होकर मुझे बदनाम कर रहे हैं स्कूल में कोई भी मेरे साथ बातचीत नहीं करता स्टाफ का यह अत्याचार बर्दाश्त नहीं होता इसलिए आत्महत्या करने जा रही हूँ मेरे बच्चों का ध्यान रखना जयश्री पटेल ने यही बात अपने भाई को भी बताई और उसके बाद नींद की 20 गोलियां खा ली नींद की गोलियां खाने के बाद जयश्री पटेल की बिगड़ने पर उन्हें अहमदाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं

# भाजपा नेता अल्पेश ठाकोर ने किशन भरवाड की 20 दिन की बेटी को दिए एक लाख रुपए

अहमदाबाद (ईएमएस) धंधुका में किशन भरवाड की हत्या को लेकर राज्यभर के लोगों में आक्रोश व्याप्त हैं विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता किशन भरवाड के परिवार से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दे रहे हैं भाजपा नेता अल्पेश ठाकोर ने भी पीड़ित परिवार के साथ मुलाकात की और मृत किशन भरवाड की 20 दिन की बेटी को एक लाख रुपए अपने आशीर्वाद स्वरूप दी बता दें कि गत 25 जनवरी को किशन भरवाड की शब्बीर ने गोली मारकर हत्या कर दी थी इस मामले में शब्बीर और इम्तियाज के अलावा अहमदाबाद के मौलम मोहमद अयूब जावरावाला और दिल्ली के मौलाना कमरगनी उस्मामी समेत 6 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका हैं पकड़े गए आरोपी पुलिस रिमांड पर और उनसे पूछताछ की जा रही हैं दूसरी ओर भाजपा और कांग्रेस के नेता पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दे रहे हैं भाजपा नेता अल्पेश ठाकोर ने भी पीड़ित परिवार से मुलाकात की और किशन भरवाड की हत्या की कड़ी निंदा की इस मौके पर अल्पेश ठाकोर ने किशन भरवाड की केवल 20 दिन की बेटी को रु. 1 लाख आशीर्वाद स्वरूप दिए गौरतलब है इससे पहले पाटन जिले की राधनपुर तहसील के शेरगढ गांव में मुस्लिम युवक द्वारा हिन्दू युवती पर हमला किया गया था हमले में घायल युवती से अल्पेश ठाकोर ने मेहसाणा के अस्पता में मुलाकात की थी तब अल्पेश ठाकोर ने कहा था कि मैं नपुंशक राजनीति में यकीन नहीं करता और बेटियों की सुरक्षा में यदि तलवार उठानी पड़े तो उससे पीछे नहीं हटूंगा असामाजिक तत्त्वों को उनकी ही भाषा में जवाब देने को मैं तैयार हूँ उन्होंने कहा कि युवती को उठा ले जाने की धमकियां दी जाती थी ऐसी घटनाओं को रोकना होगा और ऐसे असामाजिक तत्त्वों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जानी चाहिए

## आज के समय में दादी दानव बन रही है

# दादी ने पोते को सिर में बोथड पदार्थ मारकर मार दिया

## दादी ने हत्या को दुर्घटना में बदलने का प्रयास किया, दूसरे पौते -पड़ोसियों की मदद से हत्यारी दादी का पर्दाफाश हुआ

अहमदाबाद, २ फरवरी।

हिंदू शास्त्रों में घर में बुजुर्ग का स्थान बच्चों को संस्कार देना होता है। बच्चे सबसे ज्यादा समय दादा-दादी के साथ बिताते है। एक समय था जबकि दादी पोते को कहानी सुनाकर उनके ज्ञान में वृद्धि करती थी। लेकिन आज के समय में दादी दानव बन रही है। उत्तर गुजरात के खेडब्रह्मा में एक दादी ने डेढ़ वर्ष के पोते को सिर में बोथड पदार्थ मारकर मार दिया। इसके बाद दादी ने हत्या को दुर्घटना में बदलने का प्रयास किया। लेकिन दूसरे पौते -पड़ोसियों की मदद से हत्यारी दादी का पर्दाफाश हुआ। मिली जानकारी के अनुसार, खेडब्रह्मा में रहते मुकेशभाई उदाजी ठाकोर की शादी दस वर्ष पहले वाघेश्वरी की वीनाबहन कोदरवी के साथ हुई थी। शादी के बाद उनका संसार सुख से चल रहा था। जिसमें दो बच्चों का जन्म हुआ था। लेकिन शादी कुछ वर्षों बाद वीनाबहन ४ वर्ष का बेटा ऋत्विक और डेढ़ वर्ष के शैलेष को छोड़कर अपने माइके चली गई थी। दूसरी तरफ बच्चों को लालन-पालन की जिम्मेदारी दादी चंद्रिकाबहन पर आई थी।

मुकेशभाई संतानों को दादी के पास छोड़कर मजदूरी काम में जाते थे। अब २४ जनवरी को चंद्रिकाबहन ने मुकेशभाई को फोन करके कहा कि, छोटा बेटा शैलेष अचानक बीमार हो गया है और इसने सांस छोड़ दिया है। यह समय में उदयपुर में काम करते मुकेशभाई तुरंत खेडब्रह्मा आने के लिए रवाना हुए थे। वह तुरंत खेडब्रह्मा सिविल अस्पताल में पहुंच गये। जहां उसने देखा कि, बड़ा बेटा ऋत्विक के चेहरे पर चोट के निशान थे। छोटा बेटा शैलेष मौत हुई थी। यह मामले में उनकी मां चंद्रिकाबहन ने उनको कहा कि, दोनों लड़के शाम को घर के बाहर खेलते थे और अंधेरा होने पर खाना खिलाकर बिस्तर पर सुलाने के बाद रात को ८ बजे शैलेष के मुंह से लाल टपकने लगी थी और मौत हुई थी। ऋत्विक को शरीर पर कई चोटें थी। दूसरी तरफ पड़ोसियों को चंद्रिकाबहन पर आशंका हुई थी। क्योंकि, घटना की रात को घर से दोनों बच्चों के रोने और चंद्रिकाबहन की शोर मचाने की आवाज आ रही थी। जिसकी वजह से पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर पुलिस ने चंद्रिकाबहन की पूछताछ की थी, जिसमें उसने अपना अपराध कबूल कर लिया।

## बुलेट ट्रेन परियोजना की वजह से

# हाईकोर्ट में स्लम-निवासियों के पुनर्वास की मांग वाली पीआईएल खारिज

**मुख्य न्यायाधीश अरविंद कुमार-न्यायमूर्ति एजे. शास्त्री ने मंगलवार को कहा कि इस पर सावधानीपूर्वक विचार करने के बाद हमें कोई मामला नहीं मिला**

गांधीनगर, २ फरवरी।

गुजरात उच्च न्यायालय ने एक जनहित याचिका को खारिज कर दिया है जिसमें स्लम-निवासियों के पुनर्वास की मांग की गई है जिन्हें बुलेट ट्रेन प्रॉजेक्ट की वजह से हटाया जा रहा है। मुख्य न्यायाधीश अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति एजे शास्त्री ने मंगलवार को कहा कि इस पर सावधानीपूर्वक विचार करने के बाद हमें कोई मामला नहीं मिला और बांधकाम मजदूर संगठन बनाम गुजरात राज्य और अन्य शीर्षक वाली जनहित याचिका को खारिज कर दिया गया।

इसमें कहा गया है कि याचिकाकर्ता सरकार को प्रतिनिधित्व दे सकता है। याचिकाकर्ता के लिए यह विकल्प होगा कि वह विशिष्ट प्रतिनिधित्व देकर अपनी शिकायत को सामने रख सके। ऐसी स्थिति में राज्य के अधिकारी सहानुभूतिपूर्ण दृष्टिकोण के साथ, उनके दावे पर विचार कर सकते हैं।

निवासियों को पहली बार २०१८ में बुलेट ट्रेन परियोजना के लिए राज्य और रेलवे अधिकारियों द्वारा बेदखल करने का प्रयास किया गया था। जैसा कि बांधकाम मजदूर संगठन का प्रतिनिधित्व करने वाले अधिवक्ता हेतवी पटेल ने बताया, नेशनल हाई स्पीड रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनएचएसआरसीएल) द्वारा क्षेत्र के सर्वेक्षण के समय एक मौखिक आश्वासन दिया गया था कि झुग्गीवासियों को भूमि खाली करने के लिए नहीं कहा जाएगा जब तक कि उन्हें पुनर्वास के लिए जगह नहीं दी जाती। हालांकि २०१८ और २०२१ के बीच कोई पुनर्वास प्रक्रिया नहीं की गई और निवासी उसी जगह पर रहते रहे, जहां वे बीते ३० वर्षों से रह रहे थे। फरवरी २०२१ में उन्हें रेलवे प्रशासन द्वारा सात दिनों में खाली करने के लिए एक आम नोटिस जारी किया गया था, जिसके बाद निवासियों ने विभिन्न अधिकारियों को अभ्यावेदन दिया। १५ मार्च २०२१ को रेल प्रशासन ने बस्तियों को गिराना शुरू किया, जिससे ३१८ लोग बेघर हो गए। गुजरात हाईकोर्ट ने पिछले साल एक आदेश में अहमदाबाद जिला प्रशासन को भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास और पुनर्वास (आरएफसीटीएलएआरआर) अधिनियम २०१३ में उचित मुआवजे और पारदर्शिता के अधिकार के प्रावधानों के अनुसार एक अभ्यास करने का निर्देश दिया था, जिसमें सभी हितधारकों की सुनवाई का उचित अवसर दिया गया था।

# कच्छ के टूरिजम को लगा कोरोना वायरस का ग्रहण

कच्छ, २ फरवरी।

कोरोना वायरस की वजह से लगातार तीसरे वर्ष में भी कच्छ के टूरिजम उद्योग को भी भारी नुकसान हुआ है।

चालू वर्ष में जनवरी की शुरूआत में ही कोरोना के केस बढ़ने पर १० जनवरी के बाद कच्छ के पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों की कमी देखने को मिली है। हाल की स्थिति की बात करे तो अब कच्छ के मुख्य टूरिस्ट आकर्षण स्थल धोलावीरा, सफेद रेगिस्तान, धोरडो, कालो डुंगर, मांडवी, कोटेश्वर -नारायण सरोवर, लखपत और अन्य स्थलों पर पर्यटकों की संख्या में कमी हुई है। सामान्य रूप से रणोत्सव के दौरान कच्छ के पर्यटन स्थल नवंबर से फरवरी तक पर्यटकों से भरे हुए देखने को मिलते हैं। होटल, रिसोर्ट, टेंट सिटी धोरडो भी महीने पहले से बुक हो जाते हैं। लेकिन कोरोना के केस बढ़ने पर यह जनवरी में टूरिस्ट की बुकिंग नहीं हो रही है। हाल सफेद रेगिस्तान में रोजाना कम संख्या में यात्री देखने को मिलते है।

दूसरी तरफ सफेद रेगिस्तान आसपास के निजी रिसोर्ट भी खाली देखने को मिलते है। जिसकी वजह से कच्छ पर्यटन स्थल उद्योग को भारी नुकसान हुआ है। पर्यटन के साथ जुड़े हुए प्रत्येक छोटे बड़े व्यक्ति और समुह को आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है ऐसा धोरडो के सरपंच मियां हुसैन ने बताया।

# नाबालिग लड़की के दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की कैद और 25 हजार रुपए का जुर्माना

वडोदरा (ईएमएस) वडोदरा की पोक्सो कोर्ट ने जिले एक गांव की नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म के आरोपी को दोषी करार देते हुए 20 साल की सजा सुनाई है और रु. 25000 का जुर्माना भी किया हैं कोर्ट ने पीड़ित लड़की को रु. 4 लाख का मुआवजा देने का आदेश भी दिया हैं घटना वडोदरा जिले की करजण तहसील के एक गांव की हैं जहां वर्ष 2013 में नरेश नामक शख्स नाबालिग लड़की को शादी की लालच देकर भगा ले गया था जिसके बाद लड़की को अलग अलग जगहों पर जाकर उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए थे लड़की के माता-पिता जब नरेश के चाचा-चाची से इसकी शिकायत करने पहुंचे तब दोनों को जान से मार देने की धमकी देकर भगा दिया था जिसके बाद मामला पुलिस थाने पहुंच गया और पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ पोक्सो कोर्ट में चार्जशीट पेश कर दी पोक्सो कोर्ट ने मामले पर सुनवाई करते हुए आरोपी नरेश को दोषी करार देते हुए उसे 20 साल के कारावास की सजा सुनाई हैं साथ ही रु. 25000 जुर्माना भरने का आदेश दिया हैं इसके अलावा पीड़ित लड़की को रु. 400000 का मुआवजा देने का भी पोक्सो कोर्ट ने आदेश दिया हैं

# युवती के इंस्टा आईडी पर न्यूड विडियो अपलोड करने वाला गिरफ्तार

अहमदाबाद, २ फरवरी।

अहमदाबाद साइबर क्राइम पुलिस ने युवती के सोशल मीडिया अकाउंट पर न्यूड विडियो और तस्वीरें अपलोड करने वाले शख्स को गिरफ्तार किया है।

आरोपी ने फेक इंस्टाग्राम आईडी बनाकर युवती के भाई को भी तस्वीरें भेजी थीं। इसके बाद युवती के भाई की शिकायत के आधार पर पुलिस ने आईटी एक्ट के तहत केस दर्ज करके आरोपी को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार एक युवती के भाई की तस्वीरों के साथ फेक इंस्टाग्राम आईडी बनाकर पराग राजेश चोटलिया नामक २४ वर्षीय शख्स इस्तेमाल करता था।

उसने फेक आईडी पर न्यूड विडियो और तस्वीरें अपलोड किए थे। जिससे युवती के भाई की शिकायत के आधार पर साइबर क्राइम पुलिस ने तकनीकी एनालीसीस के आधार पर अहमदाबाद के शिवनगर सोसाइटी के पास चाणक्यपुरी ब्रिज घाटलोडिया क्षेत्र में रहने वाले युवक को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस की जांच में अब स्पष्ट हुआ है कि आरोपी युवक फेसबुक, इंस्टाग्राम, वॉट्सएप, स्नेपचैट्ट सहित सोशल मीडिया का इस्तेमाल करता है।

# जामनगर ज़िले के खिजड़िया वन्यजीव अभयारण्य को नए रामसर स्थल के रूप में मान्यता

श्रीमती आरती कंवर, रेजिडेंट कमिश्नर को केन्द्रीय मंत्री श्री भूपेंद्र यादव द्वारा पदनाम प्रमाण पत्र प्राप्त

नई दिल्लीः गुजरात के जामनगर ज़िले के खिजड़िया वन्यजीव अभयारण्य को विश्व आर्द्रभूमि दिवस (वर्ल्ड वेटलैंड डे) के अवसर पर नया रामसर स्थल घोषित किया गया है। यह दिन हर साल 2 फरवरी को दुनिया भर में मनाया जाता है। इसी दिन वर्ष 1971 में ईरान के शहर रामसर में कैस्पियन सागर के तट पर आर्द्रभूमि पर एक कन्वेंशन (Convention on Wetlaås) को अपनाया गया थाजिसका उद्देश्य लोगों और हमारे ग्रह के लिए आर्द्रभूमि की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में वैश्विक जागरूकता बढ़ाना है।

हरियाणा के गुरुग्राम के सुल्तानपुर नेशनल पार्क में आयोजित एक कार्यक्रम में गुजरात सरकार की रेजिडेंट कमिश्नर श्रीमती आरती कंवर ने गुजरात सरकार की ओर से हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव से खिजड़िया वन्यजीव अभयारण्य का पदनाम प्रमाण पत्र प्राप्त किया।

खिजड़िया पक्षी अभयारण्य ताज़े पानी की झीलों, नमक और मीठे पानी की दलदली भूमि, दोनों के लिए जाना जाना है। यह 6.05 किमी के क्षेत्र में फैला हुआ है। भारत की आज़ादी से पहले, रुपारेल नदी पर एक चेकडैम बनाया गया था जहां समुद्र में जाने से पहले नदी के पानी का भंडारण होता था। बरसों बाद बारिश के ताज़े पानी, एक तरफ़ नदी और दूसरी तरफ समुद्र के खारे पानी से इस अनोखे इकोसिस्टम का निर्माण हुआ। प्रख्यात भारतीय पक्षी विज्ञानी, सलीम अली ने जब 1984 में अभयारण्य का दौरा किया तो उन्होंनेयहां एक ही दिन में 104 प्रजातियों को देखने का दावा किया।

खिजाड़िया वन्य जीवन अभयारण्य के अलावा, उत्तर प्रदेश केबखिरा वन्यजीव अभयारण्य को भी रामसर साइट घोषित किया गया था। इस कार्यक्रम के दौरान भारत की आर्द्रभूमि (भौतिक रूप से) पर स्पेस एप्लिकेशन सेंटर (एसएसी) एटलस भी जारी किया गया।

# सोनी सब के 'ज़िद्दी दिल माने ना' में करण और मोनामी के बीच खिल रहे हैं प्या र के फूल, दोनों जायेंगे डेट पर!

सोनी सब के 'ज़िद्दी दिल-माने ना' में प्यार फ़िज़ाओं में फैला है। इस शो के दो प्रमुख किरदार करण (शालीन मल्होसत्रा) और मोनामी (कावेरी प्रियम) गुफा में फंस जाने की दुर्भार्ग्य पूर्ण घटना के बाद आखिरकार एक-दूसरे के प्रति अपने प्या्र का इज़हार करने जा रहे हैं। प्योर भरे कुछ पल बिताने के लिये, मोनामी करण से डेट पर चलने के लिये पूछती है। पराक्रम एसएएफ के कैडेट्स फिल्म देखने के लिये जाने की इच्छा जताते हैं। वे मोनामी को भी साथ चलने के लिये मनाने की कोशिश करते हैं, लेकिन उसी रात को करण और मोनामी ने डेट पर जाने का फैसला किया है, इसलिये वह बहाना बनाती है और कहती है कि उसकी तबियत ठीक नहीं है और वह आराम करना चाहेगी। लेकिन करण कैडेट्स के साथ चलने के लिये राजी हो जाता है और मोनामी इस बात से नाराज हो जाती है।

मोनामी को सरप्राइज देने के लिये करण आखिर में मूवी पर जाने से मना कर देता है। वे दोनों डेट पर जाने के लिये निकलते हैं और रास्ते में उनकी कार बंद पड़ जाती है। हालांकि, इस बात से उनके डेट का उत्सा ह फीका नहीं पड़ता और वे वैसे ही साथ में समय बिताने का फैसला करते हैं। करण एवं मोनामी प्याार भरे पलों का आनंद उठा रहे हैं, लेकिन उन्हें इस बात का अंदाजा नहीं है कि आगे परेशानियां उनका इंतजार कर रही हैं। अनीश को पता चल जाता है कि मोनामी और करण एकसाथ हैं और निश्चित रूप से उसे यह बात अच्छीज नहीं लगती है।

अनीश क्याा करेगा? क्या वह करण और मोनामी के बीच परेशानी खड़ी करने की कोशिश करेगा?

देखते रहिये 'ज़िद्दी दिल-माने ना', हर सोमवार से शनिवार, रात 8 बजे सिर्फ सोनी सब पर

# मेटा ने भारत में 5 लाख महिलाओं के नेतृत्व वाले एसएमबी को सक्षम करने के लिए फिक्की के साथ साझेदारी की घोषणा की

मेटा ने अपने क्षएपर्शीहेंलेग्हो (क्षशीमीन्साबिजनेस) कार्यक्रम के तहत भारत में 5 लाख महिलाओं के नेतृत्व वाले छोटे व्यवसायों को सक्षम और समर्थन करने के लिए फिक्की के 'एम्पॉवरिंग द ग्रेटर 50ङ' के साथ भागीदारी की है। मेटा के राष्ट्रीय महिला उद्यमिता शिखर सम्मेलन के उद्घाटन के दौरान इसकी घोषणा की गई, ताकि उद्योग संवाद को प्रोत्साहित करने और सभी क्षेत्रों में एमएसएमई का समर्थन करने के लिए कदम उठाए जा सके।

पूंजी और प्रासंगिक डिजिटल उपकरणों तक पहुंच महिलाओं के नेतृत्व वाले व्यवसायों के सामने प्रमुख चुनौतियों के रूप में बरकरार है। भारत में 63 मिलियन से अधिक छोटे व्यवसायों में से लगभग 20ङ का स्वामित्व महिलाओं के पास है, जो अधिक लैंगिक समानता लाने की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हैं। अनुसंधान और अध्ययनों से पता चलता है कि लड़कियों और महिलाओं को ऑनलाइन लाने से आर्थिक प्रगति को बढ़ावा मिल सकता है, बाजारों का विस्तार हो सकता है और सभी के लिए स्वास्थ्य और शिक्षा के परिणामों में सुधार हो सकता है।

फिक्की के साथ मिलकर, मेटा भारत में महिला उद्यमियों को मेटा के टूल, प्रोग्राम और संसाधनों तक आसान पहुंच प्रदान करके सही डिजिटल टूल और संसाधनों तक पहुंचने में बाधा को दूर करेगा।

# 09 फरवरी 2022 की अहमदाबाद-कोलकाता एक्सप्रेस ट्रेन निरस्त रहेगी

अहमदाबाद (ईएमएस) उत्तर मध्य रेलवे के धनबाद मंडल पर सिंगरौली, करेला रोड, चुरकी तथा महदेईया स्टेशनों पर दोहरीकरण तथा यार्ड रीमॉडलिंग कार्य के कारण अहमदाबाद-कोलकाता-अहमदाबाद एक्सप्रेस ट्रेन निरस्त रहेगी। जो इस प्रकार हैः-

निरस्त ट्रेन

1. दिनांक 09 फरवरी 2022 की ट्रेन संख्या 19413 अहमदाबाद-कोलकाता एक्सप्रेस ट्रेन

2. दिनांक 12 फरवरी 2022 की ट्रेन संख्या 19414 कोलकाता-अहमदाबाद एक्सप्रेस ट्रेन

यात्री ट्रेनों के ठहराव और संरचना की विस्तृत जानकारी के लिए **www.enquiry.indianrail.gov.in** पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

# 'संत निरंकारी मंडल द्वारा कोरोना कालमें विशेष रक्तदान शिविर का आयोजन'

अहमदाबाद : सतगुरु माता सुदिक्षा जी महाराज की असीम कृपा से संत निरंकारी मिशन विश्वभर में मानव कल्याण हेतु वर्षभर रक्तदान शिविर का आयोजन करता हें. इसी उपक्रममें 23.01.2022 को संत निरंकारी मंडल, अहमदाबाद और रेड क्रॉस सोसायटी के सहयोगसे कुबेरनगर स्थित सत्संग प्लाट पर रक्तदान शिविर रखा गया था. जिसके लिये 172 आवेदन प्राप्त हुए थे. परन्तु कोरोना प्रोटोकोल के चलते और दिल्ही हेड आफ़िस से प्राप्त सूचना के अनुसार रक्त दाताओं की और से 100 यूनिट इकटठा किया गया. अन्य दाताओं को समय के अभाव से मना किया गया, जिसके चलते वे मायूस भी हुए.

रक्तदान शिविर की शुरुआत सेवादल की प्रार्थना से हुई. उसके बाद संत निरंकारी मंडल अहमदाबाद, गुजरात के प्रभारी श्री. धर्मपाल मोटवानीजी ने विधिवत शिविर का उद्घाटन करते हुए 'युगद्रष्टा और विश्वशांति के दूत' के नाम से पहेचाने जाने वाले निरंकारी बाबा हरदेव सिंह जी के सन्देश को दोहराते हुए कहा कि रक्तदान करना मानवीय धर्म हें. रक्त तो बहना चाहिये 'मनुष्यकी नाडीयों में न के नालियों में' जिसके कारण मनुष्यों की जान बच सके और मानवता आबाद रहे. आगे श्री. मोटवानी जी ने बताया की बाबाजी हमेशां फरमाते थे की 'मानव को मानव हो प्यारा, इक-दुजे का बने सहारा'.

मालिक-मुद्रक- प्रकाशक व संपादकः लक्ष्मीचंद जी. अग्रवाल द्वारा, ब्रिजाशा ऑफसेट, जी.एम. कम्पाउन्ड, सरसपुर, अहमदाबाद -380018 में मुद्रित करवा कर वहीं से प्रकाशित किया। प्रातः कालीन E-mail : janhitaishi@yahoo.co.in फोनः 079-22921482 Mob.9375504122, 9327086467 R.N.I. 63177/95